आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुरु हरकिशन जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 07 | इंदौर, शुक्रवार 07 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मुझे प्रयागराज आने से नहीं रोक सकती सरकार : राहुल

**प्रयागराज।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रयागराज में कार्यक्रम की परमिशन रद्द होने के बाद भाजपा सरकार पर हमला बोला है। 8 अगस्त को केपी ग्राउंड में राहुल का छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित था। इससे पहले कल 5 अगस्त को कायस्थ पाठशाला (केपी) ट्रस्ट ने शहर कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा। जिसमें मैदान उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- सरकार चाहे जितनी कोशिश कर ले, लेकिन मुझे छात्रों के मुद्दे उठाने से नहीं रोक सकती। ये सरकार सवाल पूछने पर लाठी और आवाज उठाने पर पैलेट गन चलवाती है। प्रशासन छात्रों की आवाज दबाने और कार्यक्रम को रोकने की कोशिश कर रहा है।


### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की सुरक्षा में चूक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आधिकारिक हेलिकॉप्टर मरीन वन की उड़ान के दौरान सुरक्षा में चूक हुई है। मंगलवार को व्हाइट हाउस से उड़ान भरते समय मरीन वन और एक यात्री विमान तय सुरक्षा दूरी से ज्यादा करीब आ गए। इसके बाद अमेरिकी विमानन नियामक एफएए ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार दोपहर में बजे हुई। ट्रम्प व्हाइट हाउस से जॉइंट बेस एंड्रूज जा रहे थे। उसी समय एनवॉय एयर का एक यात्री विमान भी रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भर गया। एफएए की शुरुआती जांच में पता चला कि दोनों विमान एक-दूसरे के सबसे करीब आने पर सिर्फ 1.3 किलोमीटर की दूरी पर थे।

### आसाराम की अंतरिम जमानत की मांग सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम की अंतरिम जमानत याचिका पर बड़ा फैसला सुनाया है। खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर राहत मांगने वाले आसाराम को अदालत ने फिलहाल अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने एम्स की मेडिकल रिपोर्ट पर विचार करने के बाद यह आदेश दिया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम की याचिका को पूरी तरह खारिज नहीं किया है। अदालत ने इसे लंबित रखते हुए स्पष्ट किया कि अगर भविष्य में उनकी स्वास्थ्य स्थिति और गंभीर होती है तो वह दोबारा अंतरिम जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। फिलहाल अदालत ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर तत्काल राहत देने से इनकार किया है।

### राजपाल यादव के शाहजहांपुर वाले घर पर कुर्की का नोटिस



**34 दिन में लोन नहीं चुकाया तो नीलामी**
**मां-पत्नी के नाम 16 करोड़ लोन लिया था**

**शाहजहांपुर।** बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शाहजहांपुर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने उनके पैतृक घर पर 16.61 करोड़ रुपए के बकाया लोन को लेकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। बैंक ने चेतावनी दी है कि 34 दिन के भीतर लोन नहीं चुकाया गया तो संपत्ति नीलाम कर दी जाएगी। नीलामी की तारीख 9 सितंबर तय की गई है। हालांकि, कुछ देर बाद परिवार ने नोटिस हटा दिया। राजपाल यादव ने सेंट्रल बैंक की मुंबई ब्रांच से पत्नी राधा यादव और मां गोदावरी के नाम पर 16.61 करोड़ रुपए का लोन लिया था। इसी बीच, 27 दिन पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस मामले में उन्हें तीन महीने की जेल की सजा सुनाई थी। फिलहाल वह जेल से बाहर हैं। उनके बड़े भाई श्रीपाल यादव ने कहा- यह पुराना मामला है। बैंक से लोन चुकाने को लेकर बातचीत चल रही है। मामला जल्द सुलझा लिया जाएगा। फिलहाल संपत्ति की नीलामी जैसी स्थिति नहीं है। सेंट्रल बैंक के मैनेजर अनुज वर्मा ने बताया- शाहजहांपुर के पैतृक गांव कुंद्रा स्थित भवन पर नोटिस लगाया गया है। बैंक ने करीब 2 साल पहले भी इसी मामले में नोटिस

### नैनो न्यूज

- **रूस में** नॉर्थ कोरिया ने तैनात की 120 बैलिस्टिक मिसाइल और लॉन्चर, यूक्रेन ने जताई चिंता
- **रूस-** मौत के मुआवजे के लिए शादी कर रही महिलाएं, घायल सैनिकों से मैरिज के मामले बढ़े
- 18 महीने बाद जेल से बाहर आया सौरभ शर्मा, हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद भोपाल सेंट्रल जेल से रिहा
- अगले महीने 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान शुरू करेगी सीजेपी, जनता के बीच जाकर सुनेगी मुद्दे
- पत्रकार तेजपाल को रेप केस में 10 साल की सजा, बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- 2 हफ्ते में सरेंडर करें
- सेंसेक्स 374 अंक चढ़कर 78,955 पर बंद: निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 24,636 पर पहुंचा, बैंकिंग शेयरों में खरीदारी
- हरियाणा में थाने के सामने 7 लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग, 30 गोलियां मारीं, रोहित गोदारा गैंग ने ली जिम्मेदारी

दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश, ट्रैफिक जाम, वर्क-फ्रॉम-होम की सलाह

## बद्रीनाथ हाईवे बंद, केदारनाथ में गाड़ियां फंसी, ऋषिकेश में गंगा वॉर्निंग लेवल पार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में मानसूनी बारिश आफत ला रही है। दिल्ली और गुरुग्राम में गुरुवार को हुई भारी बारिश से कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। इससे सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया।

दिल्ली-जयपुर हाईवे, धौला कुआं, कालिंदी कुंज, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ग्रीन पार्क और एम्स समेत कई सड़कों पर गाड़ियां रेंगती नजर आईं। गुरुग्राम पुलिस ने निजी कंपनियों से कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की अपील की है।

उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा नदी वॉर्निंग लेवल के ऊपर बह रही है। लोगों को घाटों पर न जाने की चेतावनी दी गई है। चमोली में हेलंग के पास पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने से बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद है।





वहीं, देहरादून, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पौड़ी गढ़वाल में आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ 12वीं तक के सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। रुद्रप्रयाग में तिलवाड़ा के पास पहाड़ से मलबा और पानी केदारनाथ हाईवे पर आ गया। इससे कई गाड़ियां कीचड़ और चट्टानों के मलबे में दब गईं। इधर, यूपी के फरुर्खाबाद के 33 गांवों और 40 सरकारी स्कूलों में गंगा का पानी घुस गया है। बलिया में एक हफ्ते में 27 घर सरयू नदी में समा चुके हैं। प्रतापगढ़ में लगातार बारिश के कारण 100 साल पुराना मकान ढह गया, जिसमें एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई।

### मकान ढहने से प्रतापगढ़ में परिवार के 6 लोगों की मौत

**एजेंसी ▸▸ प्रतापगढ़**

प्रतापगढ़ में लगातार बारिश के बीच 100 साल पुराना मकान ढह गया। हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में माता-पिता, छोटा बेटा, बहू और उसके दो मासूम बच्चे शामिल हैं। 7 लोगों के परिवार में अब सिर्फ बड़ा बेटा जिंदा बचा है।

बुधवार रात गर्मी और उमस के कारण परिवार के सभी 7 सदस्य एसी वाले कमरे में सो रहे थे। रात करीब 2 बजे, जब सभी गहरी नींद में थे, तभी अचानक कमरे की छत भरभराकर गिर गई। किसी को संभलने या मदद के लिए चीखने तक का मौका नहीं मिला। छत गिरते ही पूरा परिवार कई फीट ऊंचे मलबे में दब गया। बड़ा बेटा अमन कमरे के किनारे सो रहा था। वह किसी तरह मलबे से बाहर निकल आया और शोर मचाकर आसपास



के लोगों को बुलाया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी को मलबे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मलबे में दबने और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

संसद में किरेन रिजिजू से भिड़े नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

## सदन में क्या बोलूं ये मेरा अधिकार, मुझे नियम मत सिखाइए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

राज्यसभा में गुरुवार को हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि रिजिजू उन्हें संसदीय नियम न सिखाएं। खरगे ने कहा कि 'क्या अब मुझे रिजिजू से नियम सीखना पड़ेगा नियम मैं भी जानता हूं। आप लोग भी सभापति के कक्ष में जाकर नियमों का हवाला देते हैं। अगर मैं यहां अपना विषय पढ़कर नहीं बोलूंगा, तो क्या करूंगा, क्या मैं आपकी ओर से दिया गया विषय पढ़ूंगा, यह मेरा अधिकार है कि मैं क्या बोलूं, कब बोलूं और कैसे बोलूं।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू की ओर से कांग्रेस के नवनिर्वाचित संसद पवन खेड़ा पर की गई टिप्पणी का भी जवाब दिया। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष के सदस्यों का अपमान कर रही है। आप हमारे सदस्य का अपमान कर रहे हैं, जैसे सब कुछ आप ही जानते हों। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विपक्ष केवल देश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहा है। उनकी पार्टी ने ऐसे सवाल उठाए हैं जो जनता और देश के हित से जुड़े हैं।



### खरगे बोले- गृह मंत्री सदन में आकर बयान दें

खरगे ने सरकार से मांग उठाई कि गृह मंत्री सदन में आकर बयान दें। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि संबंधित मंत्री सदन में आकर बयान दें। उसके बाद हम पूरी तरह चर्चा के लिए तैयार हैं।' खरगे के वक्तव्य के दौरान भी सदन में शोर-शराबा जारी रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। खरगे ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि सरकार विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे मुद्दों का जवाब देने के बजाय उनसे बचने की कोशिश कर रही है।

### राघव चड्ढा ने डॉक्टरों और पैथोलॉजी लैब के बीच कट मनी का उठाया मामला

आम आदमी पार्टी का दामन छोड़कर बीजेपी में शामिल होने वाले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा गुरुवार को संसद में पुराने अंदाज में बोलते नजर आए। उन्होंने सदन में डॉक्टरों और डायग्नोस्टिक सेंटर के बीच सांठगांठ का मसला उठाया और कहा कि डॉक्टर जानबूझकर मरीजों को किसी खास डायग्नोस्टिक सेंटर भेजते हैं ताकि उन्हें कमीशन मिल सके जिसे रेफरल कमीशन कहा जाता है। राघव चड्ढा ने राज्यसभा में रेफरल इंसेंटिव और कट मनी अरेंजमेंट का जिक्र करते हुए बताया कि कुछ डॉक्टर्स और कुछ डायग्नोस्टिक सेंटर के बीच इस तरह की सांठगांठ चल रही है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों और डायग्नोस्टिक सेंटर के बीच यह एक अनौपचारिक व्यवस्था बन चुकी है। यह व्यवस्था इलाज करने के लिए नहीं है बल्कि रेफर करने के लिए सिर्फ डॉक्टर की जेब में 3,000 डाला जाता है। सेट कमीशन रेट है, खास एजेंट है, एक पैरेलल इंसेंटिव इकोनॉमी चल रही है।



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा

## जेन-जी हमारी पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार और देशभक्त

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

संघ प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि जेन-जी और जेन-अल्फा, पुरानी पीढ़ी से भी ज्यादा देशभक्त और ईमानदार है। उन्होंने कहा- हमें उनकी बात सुननी चाहिए। उनसे बातचीत में कमी थी, इसीलिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन हुआ।

नीट पेपर लीक के खिलाफ देशभर में प्रदर्शनों के बाद इसे आरएसएस का युवाओं के साथ सबसे अहम संवाद माना जा रहा है। जंतर-मंतर पर 36 दिन चले आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। भागवत ने मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में किए जा रहे एक कार्यक्रम में कहा। इसका आयोजन इंडिया



इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस यानी आईआईएमयूएन अपनी 15वीं वर्षगांठ पर किया है।

जितने भी आरएसएस के संघ हैं, उनमें महिलाएं बराबरी से आगे बढ़ रही हैं। संघ ने महिलाओं के लिए अलग विंग बनाया है। अगर एपेक्स बॉडी की बात करें, तो वे फील्ड में काम करती हैं और उनके विचार माने जाते हैं। आरएसएस चीफ ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बारे में सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के परिप्रेक्ष्य में यह तय है कि उन्हें आगे आना चाहिए। उन्हें समान अधिकार मिलें, उन्हें बराबरी का हक मिले।

केजरीवाल का दावा

## मेरा इंस्टाग्राम अकाउंट बैन किया, मेटा से जवाब मांगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट देश में बैन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बारे में मेटा से कई बार पूछने पर भी कोई जवाब नहीं आया। केजरीवाल ने अपने अकाउंट स्टेटस पेज का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। इसमें 'अनअवेलेबल इन सम लोकेशन्स' (कुछ स्थानों पर उपलब्ध नहीं) का मैसेज दिखाई दे रहा है। केजरीवाल ने आरोप लगाया- सरकार मेटा पर दवाब डाल रही है कि जो भी व्यक्ति एथेनॉल या पेपर लीक के खिलाफ बोल रहा है, उसके अकाउंट को प्रतिबंधित किया जाए। मेटा इस तरह की बदमाशी न करे और मोदी जी के सामने घुटने न टेके। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि मेटा के भारत स्थित ऑफिस में पूछने पर पता चला कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट प्रतिबंधित है और भारत में उपलब्ध नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि उनके पास कई लोगों के मैसेज आए कि उनका अकाउंट भी प्रतिबंधित किया गया। उन्होंने उन लोगों से भी संपर्क करने की अपील की है।



दतिया में सुपर कैम्पेनर निकले जयवर्धन

## 35 में 30 बूथ जीते, क्लस्टर लेवल पर बैजनाथ टॉप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

दतिया विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद बीजेपी जहां अपने भितरघातियों को खोजकर उनपर कार्रवाई करने जा रही है। वहीं दतिया में जीत के बाद भी कांग्रेस ने चुनाव में प्रचार और जीत की रणनीति बनाने के लिए कलस्टर से सेक्टर और बूथ तक तैनात किए गए नेताओं का रिपोर्ट कार्ड तैयार कराया है।

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चुनाव में भेजे गए नेताओं की कार्यप्रणाली का असेसमेंट कराया है। चुनाव के दौरान पूरी विधानसभा को आठ क्लस्टरों और कई सेक्टरों में बांटकर सीनियर नेताओं को जिम्मेदारी दी गई थी। मतदान के बाद बूथवार नतीजों के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में



यह आकलन किया गया कि किस क्लस्टर प्रभारी और सेक्टर प्रभारी के क्षेत्र में कांग्रेस को कितनी सफलता मिली और कहां संगठन कमजोर रहा। रिपोर्ट के मुताबिक जिन क्लस्टरों में नेतृत्व सक्रिय रहा, बूथ प्रबंधन मजबूत रहा और लगातार मॉनिटरिंग हुई, वहां कांग्रेस ने निर्णायक बढ़त बनाई। वहीं जिन क्षेत्रों में संगठनात्मक कमजोरी दिखाई दी, वहां कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा। यही कारण है कि पार्टी अब इस मॉडल को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी का आधार मान रही है।

## अतीक अहमद के 21 साल के बेटे की मौत

### आखिरी शब्द- मुझे बचा लो, झांसी जेल में बंद भाई से मिलने जा रहा था

**एजेंसी ▸▸ प्रयागराज**

माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान (21) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह गुरुवार सुबह 5 बजे प्रयागराज से झांसी जेल में बंद बड़े भाई अली से मिलने जा रहा था। क्रेटा कार में अबान के साथ उसके 4 दोस्त थे। कार अबान की थी, उसे शादी में मिली थी।

झांसी से 70 किमी पहले पूंछ थाना इलाके में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। एअरबैग खुले, लेकिन टक्कर इतनी भीषण



थी कि कार 7 फीट हवा में उछल गई। 40 फीट तक कार के टुकड़े हाईवे पर बिखर गए। कार का बायां हिस्सा चकनाचूर हो गया। अबान समेत सभी 5 लोग अंदर फंस गए। चीख-पुकार मच गई। पुलिस और राहगीरों ने जैसे-तैसे दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला। आगे की सीट पर बैठे अबान और उसके पीछे बैठे दोस्त सोनू की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाकी 3 घायल उमर अहमद, मोहम्मद जैद और फारुक अहजम को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, मरने से पहले अबान के आखिरी शब्द थे- मुझे बचा लो...। हादसे की दो वजह सामने आ रही हैं। प्रत्यक्षदर्शी दीपक ने बताया- हाईवे पर एक बछड़ा अचानक आ गया। उसे बचाने के लिए ड्राइवर ने कार को लेफ्ट साइड मोड़ दिया। उसी दौरान बाइक सवार आ गया तो ड्राइवर ने कार दोबारा लेफ्ट की तरफ मोड़ दी।

## ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन पर पेट्रोल बम से हमला

### आतंकी हमले की आशंका में सुरक्षा कर्मियों ने अलर्ट होते ही युवक को घेर कर पकड़ा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन गेट पर एक युवक ने पेट्रोल बम फेंक दिया, घटना से अचानक गेट पर अफरातफरी मच गई। आतंकी हमले की आशंका में गेट पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने अलर्ट होते ही युवक को घेर कर पकड़ लिया। लेकिन अति संवेदनशील इलाके में हुई इस घटना से आसपास के लोग दहशत में आ गए। शुरूआती पूछताछ में युवक मानसिक रूप से बीमार लग रहा है।

दरअसल, ग्वालियर के महाराजपुरा थाना इलाके में स्थित भारतीय वायु सेना के एयरफोर्स स्टेशन के महाराजपुरा स्थित चंबल गेट पर एक सिरफिरे युवक ने जमकर उत्पात मचाया। युवक ने बीयर की खाली बोतल में पेट्रोल भर कर पेट्रोल बम बनाया और आग लगाकर एयरफोर्स स्टेशन गेट पर फेंक दिया।




### एजेंसिया भी अलर्ट मोड पर

अचानक पेट्रोल बम गिरने से गेट पर मौजूद वायुसेना के जवान अलर्ट हो गए और तुरंत बाहर मौजूद सिरफिरे युवक को धर दबोचा। इस घटना से जहां आस-पास के इलाके में भी दहशत हो गई वहीं घटना के बाद इंटेलिजेंस ब्यूरो, डिफेंड इंटेलिजेंस सहित खुफिया एजेंसिया भी अलर्ट मोड पर आ गई। वायुसेना के जवानों ने घटना की पुलिस को सूचना दी जिसके बाद महाराजपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि, पुलिस द्वारा आरोपी युवक के संबंध में ग्वालियर मानसिक आरोग्य शाला में भर्ती कराने का आवेदन किया गया है, जिस पर आवेदन स्वीकार कर चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट ने युवक का मानसिक परीक्षण करने के बाद उसे मानसिक आरोग्य शाला में भर्ती करने के निर्देश दिए थे, जिसका पालन किया जा चुका है।

### आरोपी वाराणसी का रहने वाला है, भोपाल से एमटेक किया था

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में युवक ने अपना नाम राकेश कुमार (बदला हुआ नाम) बताया है जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी का रहने वाला है, आरोपी भोपाल के मेनिट से एमटेक किए हुए है साथ ही वह अपने आप को आंध्र प्रदेश में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर होना बता रहा है। हालांकि, पुलिस अभी युवक से पूछताछ में जुटी हुई है। मामले को लेकर महाराजपुरा थाना प्रभारी यशवंत गोयल का कहना है कि युवक से पूछताछ में वह उटपटांग बातें कर रहा है। उसकी बातों को सुनकर स्पष्ट है कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। वह पुछले आठ वर्षों से मानसिक विक्षिप्त हो कर इधर उधर घूमता रहता है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### वाह नगर की संस्था वेल डन युवा अधिकारी

एक दौर था जब नगर की संस्था ने सालों आगर रोड बनाया था उसके बावजूद उसका निर्माण पूरा नहीं हो पाया था। तत्कालीन यंत्रियों की पूरी जंत्री जूट गई थी उसके बाद भी काम ठीक से नहीं हो पाया था। कभी पुरानी पाइप-लाइन फूट पड़ती थी तो कभी रोड धंस जाती थी। ऐन महाआयोजन के पूर्व आगर रोड का काम सरकार के निर्माण वाले विभाग को सौंपना पडा था और तत्कालीन दौर में प्रचलित कंपनी ने इस काम को पूरा किया था और महाआयोजन से पूर्व यह सड़क बन सकी थी। एक दौर यह है जब सवारी का मार्ग पूरी तरह से उधड़ा हुआ था। इधर से उधर तक ऐसे हाल थे कि देखने वालों को लगा था इतने कम समय में कैसे होगा और किस तरह से होगा। इधर देखो कुआ उधर देखो खाई के हाल साफ थे। नगर की संस्था ने युवा अधिकारी के नेतृत्व में वो सब कुछ कर दिखाया जिस पर सवाल कायम हो रहा था। वाह नगर की संस्था, वेल डन युवा अधिकारी। गजब का जोश और काम करवाने की क्षमता। कार्यदक्षता चीते की और चिंता लक्ष्य बनाकर सबकुछ कर दिखाया। ये बिल्कुल सही था कि समय बिल्कुल नहीं था। दिन और घंटों के मान से काम ज्यादा था। ढाबा रोड का सौंदर्यीकरण भी इसी दौरान किया गया और रामघाट के रास्ते को बिल्कुल बना कर दिया। ठेकेदारों से गजब का काम लिया और खास बात यह कि काम के इतने दबाव के दौरान भी कोई विवाद नहीं। न किसी कर्मचारी अधिकारी पर कोई कार्रवाई और न ही कोई प्रशासनिक ऐसा दबाव जो नहीं होना चाहिए। सहज और सामान्य तरीके से ही सब कुछ संभव कर दिखाया। युवा अधिकारी ने टीम भावना से उस संस्था के यंत्रियों से ऐसा काम लिया जो कभी शहर में संभव नहीं हो सका उसे संभव कर दिखाया और अविश्वासी को विश्वास में तब्दील कर दिया। यही नहीं सवारी निकलते ही पूरे रोड बिल्कुल साफ, शहर क्लीन एवं ग्रीन सिटी के प्रोजेक्ट पर चल पडा। धर्म का दर्शन करने आए नासमझ लोगों ने इस दौरान सड़कों पर प्लास्टिक बोतल, डिस्पोजल का उपयोग कर फेंका उसे भी साफ करवाया गया। युवा अधिकारी के रात और दिन निरीक्षण और प्रशासकीय प्रक्रिया के साथ काम पर सीधी और पैनी नजर से ये संभव हो सका। खुसूर-फुसूर है कि आमजन को अब भी यकीन नहीं हो रहा है कि यह काम हो गया है। लोग टूटे हुए हिस्से को देखने के बाद अब इसके बनने की स्थिति में क्षेत्र में देखने पहुंच रहे हैं कि काम हुआ की नहीं इसका यकीन करने के लिए। चौड़े मार्ग से सवारी निकलने में सुलभता और सहजता का एहसास सवारी के दर्शन के दौरान यहां शहर वासियों ने किया है। युवा अधिकारी का नगर की संस्था को अभिनंदन करना चाहिए जिसने मान बढ़ाया और इतने कम समय में काम को अंजाम तक पहुंचाया। उस पूरी टीम का भी सम्मान होना चाहिए जिसने रात दिन एक कर काम को सवारी से पहले अंजाम तक पहुंचाया। इसके लिए नगर की संस्था के मुखिया को आगे आना होगा और इस प्रकार के कर्मठ युवाओं का हौसला बढ़ाना होगा।

## नैनो न्यूज

- श्याम श्रावण महोत्सव में आज सजेगी भजन संध्या, ख्यातनाम तबला वादक शैलेन्द्र भट्ट और संगीत निदेशक अजय मेहता देंगे प्रस्तुति
- जिले की वेडिंग इंडस्ट्री का महाकुंभ शामियाना महोत्सव श्री महाकाल टेन्ट गार्डन एवं मडप व्यवसायी संघ द्वारा 12 अगस्त को होगा
- प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर एनएसयूआई की बैठक, बनाई चुनावी रणनीति
- मप्र निजी वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन और एमपी डब्ल्यूएलसी की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न, त्वरित निराकरण का मिला आश्वासन
- स्थानीय संसाधनों और नवीन तकनीकों से उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनें युवा
- 118 किमी के पंचकोशी मार्ग पर 9 को निकलेगी चारद्वार साइकिल यात्रा, प्रथम पुरस्कार में मिलेगी साइकिल, चामुंडा माता मंदिर से होगा शुभारंभ
- भ्रष्टाचार और मानवाधिकार हनन पर रखेंगे नजर, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जारी किया नियुक्ति पत्र
- उज्जैन से पहली बार निकली डाक कांवड़ यात्रा, कृषि उपज मंडी में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

## ट्रेंडिंग




कान्ह के प्रदूषण से शिप्रा की मुक्ति के लिए सैंकड़ों अरब की योजना पर अमल

# देवास में डेढ़ करोड़ के स्टाप डेम की स्वीकृति की अपेक्षा में शिप्रा में प्रदूषण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिप्रा में प्रदूषण को लेकर स्थानीय अखाड़ा परिषद ने मुहिम छेडी है। देवास में नागदहन नदी का प्रदूषित पानी शिप्रा में मिलाने को लेकर संतों ने गुस्सा जताया है। मात्र डेढ़ करोड़ के स्टाप डेम की स्वीकृति की अपेक्षा में यह प्रदूषित पानी शिप्रा में बहाया जा रहा है। स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास ने इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा करने की जानकारी दी है। उनके अनुसार देवास में शिप्रा निरीक्षण में सामने आई बातों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया है अगले कुछ दिनों में डेम की राशि स्वीकृत हो जाएगी।

स्थानीय अखाडा परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने उज्जैन से देवास पहुंचकर शिप्रा में प्रदूषण की स्थिति को देखा है। नदी नाले के साथ फैक्ट्री का निरीक्षण कर शिप्रा नदी में मिल रहे जहरीले पानी को लेकर देवास कलेक्टर को भी उन्होंने चेतावनी दी है।

## स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री यादव से चर्चा कर पूरे मामले से अवगत करवाया





### कान्ह के लिए क्लोज डक्ट प्रोजेक्ट

शिप्रा की सेहत सुधारने के लिए सरकार ने कान्ह नदी क्लोज डक्ट योजना को अमल में लाया है। 918 करोड़ से अधिक की योजना में इंदौर से कान्ह नदी में आ रहे प्रदूषण को रोका जाएगा। इसके साथ ही शिप्रा को प्रवाहमान बनाने के लिए सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी योजना को अमल में लाया गया है। इसके विपरित देवास से शिप्रा में मिल रहे प्रदूषित पानी को लेकर प्रशासनिक नजरअंदाजी की स्थिति कायम होने को लेकर संतों ने यह निरीक्षण किया है। स्थानीय अखाडा परिषद अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास के अनुसार कान्ह का प्रदूषण रोकने की स्थिति में देवास से शिप्रा नदी में केमिकल उद्योगों का जहरीला पानी सरे आम मिलाया जा रहा है। जिसे लेकर फिलहाल कोई कार्य योजना नहीं है। ऐसे में कान्ह की योजना कैसे सार्थक होगी। 2028 के उज्जैन सिंहस्थ कुंभ में तो स्नान होना ही है। इससे पहले शिप्रा में पर्व स्नानों की परंपरा है। प्रदूषण से श्रद्धालु बराबर आहत हो रहे हैं। इसी प्रदूषण को लेकर संत समाज ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में महंत रामेश्वर गिरी महाराज, महंत महावीरनाथ महाराज साथ थे। देवास के नागदा से निकली नागदहन नदी आगे चलकर शिप्रा में मिलती है। इसी में की फैक्ट्रियों का बगैर उपचारित पानी, जहरीला केमिकल युक्त पानी रात के अंधेरे में नदी में छोड़ा जा रहा है। यह पानी इतना प्रदूषित है कि इससे न सिर्फ नदी, बल्कि खेत और पशु भी प्रभावित हो रहे हैं। संतों के अनुसार शिप्रा में लाखों श्रद्धालु आचमन करते हैं और सिंहस्थ में अब सिर्फ दो साल का समय बचा है। उन्होंने सवाल उठाया कि नागदहन नदी को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे।

### डेढ़ करोड़ के स्टाप डेम के फेर में प्रदूषण

डॉ. रामेश्वर दास ने बताया कि देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मुलाकात कर प्रोजेक्ट की जानकारी ली और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संत समाज मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि सिंहस्थ से पहले यहां स्टापडेम बनाकर पानी रोका जाएगा। शिप्रा को स्वच्छ बनाने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की योजना पर काम चल रहा है। यहां से उपचारित पानी कृषि के लिए दिया जाएगा। प्रदूषित पानी को एसटीपी प्लांट तक पहुंचाया जाएगा, जबकि अमृत फेज-2 के तहत सीवेज लाइन का काम भी अगले साल जून-जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य है। महंत डॉ. रामेश्वर दास ने कहा कि उन्होंने प्रतिनिधि मंडल के साथ एक उद्योग का निरीक्षण किया है जहां उन्हें संतुष्टिकारक जवाब नहीं मिला और न ही कारगर कार्रवाई की स्थिति ही मिली है।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सवालों के घेरे में

स्थानीय अखाडा परिषद के नागदहन नदी में प्रदूषण की स्थिति उजागर करने के बाद क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। आखिर देवास औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों से निकलने वाले दूषित जल को रोकने के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) की स्थापना धरातल पर कब की जाएगी और बोर्ड स्तर पर इसे लेकर गंभीरता से प्रयास क्यों नहीं किए जा रहे हैं। वर्ष 2004 के सिंहस्थ के समय से यह मुद्दा बराबर कायम है। इसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उदासीनता के बीच ही 2016 का सिंहस्थ महाकुंभ बिना सीईटीपी संयंत्र के ही बीत गया, इस पर भी 10 साल व्यतीत हो चुके हैं और अब सिंहस्थ 2028 सिर पर आ चुका है। इतने सालों बाद भी औद्योगिक दूषित जल के स्थायी उपचार हेतु कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए। इस प्रदूषित जल का प्रभाव उज्जैन में धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां के वासियों को उठाना पड़ रहा है। ऐसे में बोर्ड एवं देवास जिला प्रशासन को एनजीटी में जवाब देना महंगा पड़ सकता है।

उज्जैन, तराना, माकड़ौन तहसील छोड़ सभी तहसीलों में पिछले वर्ष से अधिक वर्षा

# भारी बारिश का अलर्ट के बावजूद उज्जैन में मौसम साफ

## प्रदेश में वर्षा का घाटा बढ़कर 18 फीसदी तक पहुंचा, 55 में से 43 जिले सामान्य वर्षा से पीछे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस मानसून सत्र के पिछले सवा दो माह में उज्जैन जिले में अब तक हुई वर्षा का औसत पिछले वर्ष से करीब पौने दो इंच ज्यादा है। इसके साथ ही जिले की उज्जैन सहित 3 तहसीलों में इस अवधि में 4 इंच से 1 इंच तक कम वर्षा की स्थिति सामने आ रही है। मानसून विभाग की और से पूर्व घोषित स्थितियों में भी फेर है। तीन दिन पहले उज्जैन में अगले 4 दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी हुई थी लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

इस वर्ष मानसून पहले ही करीब 5 दिन देरी से आया है। इसके बाद अलनीनो से प्रभावित होने का फेर उस पर प्रभावी रहा है। मानसून के प्रारंभिक दिनों से लेकर अब तक जिले में औसत वर्षा करीब 20 इंच ही हुई है जो कि पिछले वर्ष से करीब पौने 2 इंच ज्यादा है। इसमें भी उज्जैन, तराना, माकड़ौन तहसील में पिछले वर्ष के मुकाबले 4 से लेकर 1 इंच तक बारिश कम हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों में मानसून फिर जोर पकड़ सकता है और प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है।



### पिछले वर्ष की अपेक्षा कहां कितनी वर्षा

| तहसील | अब तक वर्षा | पिछले वर्ष |
|---|---|---|
| उज्जैन | 374.2 | 451.0 |
| घटिट्या | 375.0 | 257.5 |
| खाचरौद | 447.0 | 373.0 |
| नागदा | 450.8 | 348.9 |
| बडनगर | 377.0 | 313.0 |
| महिदपुर | 454.0 | 323.0 |
| झार्डा | 459.0 | 450.4 |
| तराना | 441.2 | 475.3 |
| माकडौन | 172.0 | 223.0 |

स्त्रोत-जिला भू-अभिलेख से जारी आंकडों के आधार पर।

- **सबसे कम माकड़ौन, सर्वाधिक झार्डा में-** जिले की वार्षिक औसत वर्षा 906.2 मिलीमीटर यानिकी 36.2 इंच है। इसमें मानसून सत्र 01 जून से 30 सितंबर तक रहता है। जिले में पिछले सवा दो माह में अब तक सबसे कम बारिश माकड़ौन तहसील में हुई है। इसकी अपेक्षा झार्डा में इस अवधि में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई है।
- **प्रदेश में 18 फीसदी घाटा-** प्रदेश में मानसून की हालत पस्त हो गई है। पिछले 5 दिनों से कहीं भी व्यापक और भारी बारिश दर्ज नहीं होने से इस मानसून सत्र में अब तक प्रदेश में वर्षा का घाटा 18 प्रतिशत तक जा पहुंचा है। प्रदेश के 55 में से 43 जिले सामान्य बारिश से पीछे चल रहे हैं और पूरे सीजन में अब तक औसत से करीब साढ़े तीन इंच कम पानी बरसा है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मौसम प्रणालियां पर्याप्त मजबूत नहीं रहीं, इसलिए प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश ही हुई। हालांकि, अब उत्तर भारत में सक्रिय दो चक्रवाती परिसंचरण और नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज हो सकती है।

### कोटे की आधी बारिश भी नहीं हुई

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में अब तक औसतन 16 इंच (407.2 मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस समय तक 19.5 इंच (495.2 मिमी) बारिश हो जानी चाहिए थी। यानी प्रदेश सामान्य से करीब 18 प्रतिशत पीछे है और अब तक सामान्य वर्षा का आधा आंकड़ा भी पूरा नहीं हो सका।

### मात्र कुछ जिलों में औसत से अधिक

प्रदेश में बड़वानी, भिंड, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, खंडवा और खरगोन ऐसे जिले हैं, जहां औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है। इसकी अपेक्षा जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में हालात अधिक चिंताजनक हैं। यहां औसतन 22 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है और सभी जिले सामान्य से पीछे हैं। वहीं पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी 15 प्रतिशत बारिश की कमी बनी हुई है।

# उज्जैन स्टेशन को महाकाल थीम पर विकसित किया जाए

## स्टेशन निरीक्षण से पहले यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और सिंहस्थ तैयारियों को लेकर दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) रामाश्रय पांडे के उज्जैन रेलवे स्टेशन निरीक्षण से पूर्व रतलाम मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने स्टेशन के समग्र विकास, यात्री सुविधाओं और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान इन बिंदुओं पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए, ताकि उज्जैन रेलवे स्टेशन को देश के सर्वश्रेष्ठ और श्रद्धालु-अनुकूल स्टेशनों में शामिल किया जा सके।

राजेश शर्मा ने सबसे पहले उज्जैन रेलवे स्टेशन पर पूर्णकालिक, अनुभवी एवं सक्षम स्टेशन डायरेक्टर की तत्काल नियुक्ति की मांग की। उनका कहना है कि ऐसा अधिकारी उज्जैन में रहकर स्टेशन की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी कर सके तथा यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन को देखते हुए निर्णय लेने वाले जिम्मेदार अधिकारी की नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों को होने वाली असुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिकांश प्लेटफॉर्म पर आज भी शौचालयों का अभाव है। इसका सबसे अधिक प्रभाव दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं पर पड़ता है। उन्होंने प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर आधुनिक, स्वच्छ और सुलभ शौचालयों के निर्माण की मांग की।

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने स्टेशन परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्मार्ट कैमरे लगाने का सुझाव दिया। उनके अनुसार ये कैमरे संदिग्ध गतिविधियों, महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों, भीड़ नियंत्रण, हिंसा और गंदगी जैसी घटनाओं की स्वतः पहचान कर कंट्रोल रूम को तत्काल सूचना दे सकेंगे, जिससे समय पर कार्रवाई संभव होगी।

राजेश शर्मा ने टिकट चेकिंग स्टाफ, स्टेशन मास्टर, पूछताछ केंद्र के कर्मचारियों, कुलियों तथा अन्य फ्रंटलाइन कर्मचारियों को सीपीआर (सीपीआर) और प्राथमिक जीवन रक्षक प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से देने की भी मांग की।

## सवारी मार्ग से नगर निगम ने हटाए जर्जर भवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की सवारी और आगामी सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने सवारी मार्ग को सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को निगम ने ढाबा रोड क्षेत्र में सवारी मार्ग पर स्थित एक जी+2 जर्जर एवं गिराऊ भवन के खतरनाक हिस्सों को हटाया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई।

भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता की मौजूदगी में निगम की रिमूवल टीम ने भवन का निरीक्षण कर उन हिस्सों को हटाया, जिनसे सवारी मार्ग से गुजरने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का खतरा था। कार्रवाई के दौरान आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए भवन के जोखिमपूर्ण भाग को व्यवस्थित तरीके से हटाया गया। महाकाल सवारी मार्ग पर जर्जर भवनों, अस्थायी अतिक्रमण, सड़क व नालियों में अवरोध सहित अन्य संभावित जोखिमों की लगातार पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़क सुधार और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके।

## श्रावण-भादौ मास में आयोजित होने वाली श्री महाकालेश्वर सांस्कृतिक संध्या प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकाल महालोक में श्रावण- आयोजित होने वाली श्री महाकालेश्वर सांस्कृतिक संध्या के प्रथम दिवस मानस शर्मा उज्जैन के समूह नृत्य, सुधा गुप्ता उज्जैन के समूह गायन व परमानंद गंधर्व नागदा के द्वारा वादन की प्रस्तुति से महाकालेश्वर महालोक का वातावरण शिवमय हुआ।




प्रथम प्रस्तुति में परमानंद गंधर्व के वादन की प्रस्तुति हुई जिसमें ताल तीनताल में तबला एवं पखावज की जुगलबंदी प्रस्तुत की इस प्रस्तुति में क्रमशः पेशकार, कायदे, रेला, विभिन्न तिहाइयां तथा अन्य पारंपरिक रचनाओं का रहा। संपूर्ण वादन के साथ प्रस्तुति का समापन किया गया। आपके साथ तबला पर चंदन दास बैरागी, नितिन गंधर्व, श्रेयांश भाटी, हारमोनियम पर रविन्द्र पंवार, वायलिन पर रोहित शर्मा व ढोलक पर फुंदालाल गंधर्व ने संगत की।

श्री महाकालेश्वर सांस्कृतिक संध्या की द्वितीय प्रस्तुति सुधा गुप्ता के समूह गायन की हुई। श्रीमती सुधा गुप्ता ने रूद्रांजलि सुगम्य गायन में गणेश वंदना, जागो भोलेनाथ हमारे, सदा शिव सदा, मन में एतबार एवं जिनकी करुणा से त्रिभवन के दीप जलते है शिव भजनों की प्रस्तुति दी आपके साथ गायन में डॉ. प्रीति देवले, विशाल सोनी व सुनिता जैन। हार्मोनियम में कुलदीप दुबे, तबला पर सक्षम देवले, ढोलक पर सुरज चक्रावदिया व मंजीरा पर श्री विभाष देवले ने संगत की।

बड़नगर में जन-समस्याओं को लेकर उफना जन आक्रोश पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में बड़नगर रहा पूर्णतः बंद

# बाइक रैली व पैदल मार्च निकालकर एसडीएम को सौंपा 71 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

विधानसभा क्षेत्र बड़नगर में व्याप्त गंभीर जन-समस्याओं, प्रशासनिक लापरवाही, भ्रष्ट कार्यप्रणाली और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित विशाल जन आक्रोश आंदोलन अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में समस्त कांग्रेस संगठन द्वारा बड़नगर शहर के समस्त व्यापारियों एवं आम नागरिकों ने स्वेच्छा से अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर शासन-प्रशासन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

आंदोलन के तहत सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक बड़नगर शहर पूर्णतः स्वैच्छिक बंद रहा। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एक विशाल बाइक रैली और पैदल मार्च निकालकर संपूर्ण नगर में भ्रमण किया। रैली के माध्यम से आम जनता और व्यापारियों का आभार व्यक्त किया गया तथा प्रशासन की नाकामी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही दोपहर 11 बजे से 3 बजे गांधी चैक पर एक विशाल धरना आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी व कार्यकर्ता शामिल हुए।



### 71 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

धरना प्रदर्शन के उपरांत पूर्व विधायक मुरली मोरवाल एवं कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम धीरेंद्र पारासर, एस.डी.ओ.पी. महेन्द्रसिंह परमार, को प्रशासन और विभिन्न विभागों (कृषि, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी जल संसाधन, नगरपालिका आदि) के नाम 71 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप कर समस्त समस्यों का 15 दिवस में निदान करने की मांग की यदि समस्त मागों की समय पर कार्यवाही नही होती है तो पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने भूख हड़ताल, जेल भरों आन्दोलन, रैल चक्का जाम करने की चेतावनी दी हैं। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण आज बड़नगर का हर नागरिक त्रस्त है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सड़कें गड्डों में तब्दील हो चुकी हैं, जल जीवन मिशन और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान खाद, बीज, बिजली और फसल बीमा के लिए दर-दर भटक रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा की रुकी हुई राशि का तत्काल भुगतान हो, मंडियों में तौल की धांधली रुके, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए और किसानों को दिन में पर्याप्त बिजली दी जाए। सड़क एवं जल जीवन मिशन की उखड़ी पाइपलाइनों से बंद पड़े रास्ते, पीरझालर, भैंसलाकलां, खड़ोतिया, रुनीजा, जाफला आदि ग्रामीण अंचलों की बदहाल सड़कों व टूटी पुलियाओं का तत्काल जीर्णोद्धार किया जाए। नगर में शुद्ध पेयजल संकट दूर हो, बारिश के जलभराव से मुक्ति मिले, फॉगिंग और साफ-सफाई नियमित हो, नामांतरण व पीएम आवास योजना के पारदर्शी कार्य हों। युवाओं के रोजगार हेतु उद्योग लगे, नशे पर प्रभावी रोक लगे। नीट परीक्षा घोटाले की निष्पक्ष जांच हो व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही सहारा इंडिया में फंसे नागरिकों के पैसों की वापसी और अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। शासकीय अस्पतालों में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो और सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार व आमजन की अनदेखी पर लगाम लगे।

उक्त धरना कार्यक्रम को अजा विभाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश बोद्ध, निलेश शर्मा (अध्यक्ष सेवादल बड़नगर ब्लॉक), वनिषराज कटारिया (अध्यक्ष सेवादल शहर), पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, हेमन्त उपाध्याय पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण मोरवाल, जनपद सदस्य नरेन्द्रसिंह धतुरीया, पूर्व जिला पचांयत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, दिनेश सनोलिया, बालाराम कुण्डलेवती, नारायणसिंह डोडिया, सरपचं रामेश्वर बैरागी, लक्ष्मीनारायण यादव, नरेन्द्र मुण्डेल, अखलाक शेख, भारत चैधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र परमार, पूर्व जनपद सदस्य महेश विजयवर्गीय आदि ने संबोधित किया।

दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### ढाई वर्ष में मंजूर हुई हैं अनेक वृहद परियोजनाएं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गत ढाई वर्ष में राज्य हित में अनेक परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। इनमें केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी अंतर्राज्जीय नदी जोड़ो परियोजनाएं भी शामिल हैं। उद्योगों के लिए निवेश बढ़ा है। किसानों के हित में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। शिवपुरी में डिफेंस कॉरीडोर और ग्वालियर में टेलीकॉम जोन की स्वीकृति हुई है। पदोन्नतियों और भर्तियों के कार्य, समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने, वन्य प्राणी संरक्षण, नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन विकास के भी अहम कार्य हुए हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जो साहस विनम्रता और सहनशीलता के गुणों के साथ राष्ट्र के सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर की कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भूमि संसाधन प्रबंधन शाखा में पदस्थ भृत्य (चेनमैन) कैलाश पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, 4 अगस्त 2026 की जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत में आरोप लगाया गया कि कैलाश पालीवाल ने शिकायतकर्ता से प्लॉट दिलाने के नाम पर लगभग 20 लाख रुपये का सौदा किया तथा विभिन्न तिथियों में 17 लाख रुपये प्राप्त करने के बावजूद प्लॉट उपलब्ध नहीं कराया। शिकायतकर्ता द्वारा इस संबंध में वीडियो रिकॉर्डिंग सहित शिकायत प्रस्तुत की गई। प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने कैलाश पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए।

### ग्राम मलेंडी में मौके पर हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को महू तहसील के बड़गोंदा राजस्व वृत्त अंतर्गत ग्राम मलेंडी में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हितग्राहियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान नामांतरण के 40, बंटवारे के 5, सीमांकन के 12, नक्शा तरमीम के 16 तथा रास्ता विवाद का 1 प्रकरण निराकृत किया गया। इसके साथ ही ई-केवाईसी एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतकर्ताओं को शिविर में बुलाकर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। निराकरण के उपरांत कृषकों को आदेशों की प्रतियां तथा संशोधित खसरा भी उपलब्ध कराया गया। शिविर के समापन पर एसडीएम राकेश परमार ने ग्राम में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### नई शिक्षा नीति में अध्यात्म और आधुनिकता का समन्वय



**इंदौर।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश में शोध और नवाचार हो रहे हैं। प्रदेश के 13 विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषाओं का अध्ययन कराया जा रहा है। जिसमें हिन्दी भाषा के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, असमी, सिंधी आदि भाषाएं शामिल है। इन सभी भाषाओं के माध्यम से देश को एकात्मता के भाव से जोड़ना है। साथ ही हिन्दी भाषी व्यक्ति यदि दूसरे प्रदेश में शिक्षा और रोजगार के लिए जाये, तो उसे भाषागत परेशानी नहीं आये। मंत्री श्री परमार ने कहा कि हमें भारतीय भाषाओं पर गर्व होना चाहिए। हम एक-दूसरे से अपनी भाषा में ही संवाद करें और घरों में भी मातृ भाषा का अधिक प्रयोग करें। सभी भारतीय भाषाओं का स्वभाव जोड़ने का है। मंत्री श्री परमार आज इंदौर के डेली कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट संस्थान में भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में अपना मुख्य संबोधन दे रहे थे। श्री परमार ने आगे कहा कि भारतीय ज्ञान केवल आध्यात्म तक सीमित नहीं होकर, वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी ओत-प्रोत है। भारतीय ज्ञान में ऋषि परम्पराओं के अलावा दर्शन और प्रमाणों का भी उल्लेख है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2020 में तैयार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीयता का बोध है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे विद्यार्थियों को हमारी ऋषि परम्पराओं के साथ-साथ आधुनिकता से भी जोड़ती है। हजारों वर्ष पूर्व हमारे ऋषियों ने ज्ञान-विज्ञान, दर्शन, संस्कृति, कला आदि विषयों पर जो कहा, उसके पीछे वैज्ञानिक आधार और प्रमाण है। हमारे ऋषियों ने ही कहा था कि पृथ्वी गोल है।

## नैनो न्यूज


- **दतिया उपचुनाव हार पर भाजपा में मंथन तेज-** दतिया विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद भाजपा ने संगठन स्तर पर समीक्षा शुरू कर दी है। पार्टी नेताओं ने भीतरघात के आरोपों की जांच के संकेत दिए हैं।
- **इंदौर गैस पाइपलाइन विस्फोट मामला हाईकोर्ट पहुंचा-** पीड़ितों ने हाईकोर्ट में कहा कि हादसे के बाद अब तक पूरा मुआवजा और चिकित्सा सहायता नहीं मिली है। कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा।
- **विदिशा में छात्रों की सुरक्षा पर हाईकोर्ट सख्त-** छात्रों को जोखिम भरे रास्ते से स्कूल जाने की खबर पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।
- **ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन के बाहर पेट्रोल बम फेंकने वाला गिरफ्तार-** एयरफोर्स स्टेशन के गेट पर पेट्रोल बम फेंकने की घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।
- **इंदौर कोर्ट ने व्हाट्सएप मैसेज को माना अहम साक्ष्य-** एक आपराधिक मामले में कोर्ट ने मृतक के व्हाट्सएप संदेश को महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।
- **एमपी हाईकोर्ट का अहम फैसला-** हाईकोर्ट ने कहा कि केवल मस्जिद समिति के फतवे के आधार पर मुस्लिम विवाह विच्छेद (तलाक) की न्यायिक घोषणा नहीं की जा सकती।

शहरी हिस्से में सर्विस लेन मिलेगी, 48 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के अधिकांश हिस्सों में काम पूरा हो चुका

# 40 मिनट में पूरा होगा सिक्सलेन हाइवे पर इंदौर से उज्जैन का सफर

### इंदौर से उज्जैन के बीच तैयार हो रहे छह लेन मार्ग का काम सिंहस्थ मेले के शुरू होने से लगभग एक साल पहले ही पूरा हो जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



इंदौर में छह लेन ब्रिज की भुजाएं पूरी होने के बाद अब छह लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पिछले दिनों इसके निर्माण में बाधक बने कई निमार्णों को भी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने हटाया था। इंदौर और उज्जैन के शहरी क्षेत्रों में इस मार्ग पर सर्विस लेन भी बनाई जाएगी, ताकि हाईवे पर चलने वाले वाहनों की गति प्रभावित न हो। यह सड़क बनने के बाद इंदौर से उज्जैन का सफर 35 से 40 मिनट में पूरा हो सकेगा। वर्तमान में दोनों शहरों के बीच की दूरी तय करने में लगभग एक घंटे का समय लगता है।

इस सड़क का भूमिपूजन छह माह पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। सिंहस्थ मेले के दौरान सबसे अधिक यातायात का दबाव इंदौर-उज्जैन मार्ग पर रहने की संभावना है। इसी कारण इस सड़क को छह लेन बनाया जा रहा है।

48 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर तीन बड़े और आठ छोटे पुल भी बनाए जा रहे हैं। सांवेर और उज्जैन में बन रहे पुलों का निर्माण कार्य अभी जारी है। इस सड़क के लिए कराए गए ट्रैफिक सर्वे के अनुसार प्रतिदिन 60 हजार से अधिक वाहन इस मार्ग का उपयोग करेंगे।

सिंहस्थ मेले के समय इस सड़क पर सबसे अधिक यातायात रहेगा। हालांकि, इंदौर से उज्जैन के लिए गांधी नगर से एक ग्रीन कॉरिडोर भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा इंदौर से देवास होते हुए उज्जैन जाने का विकल्प भी वाहन चालकों के लिए उपलब्ध रहेगा। उज्जैन से देवास के बीच की सड़क को भी फोर लेन किया गया है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को टोल टैक्स भी देना होगा। वर्तमान में 48 किलोमीटर के इस मार्ग पर दो टोल नाके हैं। सड़क के छह लेन बनने के बाद टोल टैक्स की दरों में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### इंदौर-उज्जैन हेलीकॉप्टर सेवा का किराया 30% बढ़ा

भगवान महाकाल के दर्शन के लिए इंदौर से उज्जैन के बीच हेलीकॉप्टर से सफर करने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए एक बड़ी खबर है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण इंदौर-उज्जैन हेली सेवा के किराए में करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। प्रति यात्री एकतरफा किराए में 1,500 की बढ़ोतरी की गई है, जिससे नई दरें अब लागू हो चुकी हैं।

**क्यों बढ़ा किराया?-** पर्यटन विभाग के अनुसार, इस सेवा का संचालन पूरी तरह व्यावसायिक लागत पर निर्भर करता है। हाल ही में विमानन ईंधन (अळत्र) के दामों में हुई बढ़ोतरी से परिचालन खर्च बढ़ गया था, जिसके कारण किराए में संशोधन करना आवश्यक हो गया।

#### समय की बचत, लेकिन जेब पर पड़ेगा असर

सड़क मार्ग से इंदौर और उज्जैन के बीच यात्रा तय करने में जहां 1.5 से 2 घंटे का समय लगता है, वहीं हेलीकॉप्टर से यह दूरी महज 25 मिनट में पूरी हो जाती है। समय की बचत के कारण यह सेवा सावन, महाशिवरात्रि और छुट्टियों के दिनों में काफी लोकप्रिय रहती है। हालांकि, पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों का मानना है कि किराए में बढ़ोतरी के बाद कई श्रद्धालु वापस सड़क मार्ग का रुख कर सकते हैं।

एआई+ स्मार्टफोन ने प्रोजेक्ट ट्रस्ट+ की शुरूआत

# अब यूजर्स का डेटा होगा और भी ज्यादा सुरक्षित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए डेटा की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बनती जा रही है। कारण कि स्मार्टफोन में लोगों की निजी जानकारी, बैंकिंग और रोजमर्रा की कई जरूरी सेवाएँ जुड़ी हुई हैं। ऐसे में, उसकी सुरक्षा पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। यूजर्स चाहते हैं कि उनका डेटा सुरक्षित रहे और किसी भी खतरे का समय रहते पता चल सके। इसी को ध्यान में रखते हुए, एआई+ स्मार्टफोन ने प्रोजेक्ट ट्रस्ट+ की शुरूआत की है। इस पहल के तहत कंपनी अगले पाँच वर्षों में 100 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, ताकि टेक एक्सपर्ट्स, एथिकल हैकर्स और सिक्योरिटी रिसर्चर्स के साथ मिलकर स्मार्टफोन की सुरक्षा को लगातार बेहतर बनाया जा सके। इसी उद्देश्य के साथ कंपनी ने टेक कम्युनिटी को अपने सिस्टम की जाँच करने, कमियाँ पहचानने और उन्हें समय रहते दूर करने के लिए आमंत्रित किया है।

### सुरक्षा एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया



एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा, ज्यादातर कंपनियाँ सिर्फ यह कहती हैं कि उनके डिवाइस सुरक्षित हैं, लेकिन हम इसे साबित करना चाहते हैं। कोई भी स्मार्टफोन या प्लेटफॉर्म पूरी तरह सुरक्षित होने का दावा नहीं कर सकता। सुरक्षा एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। प्रोजेक्ट ट्रस्ट+ के जरिए हम भारत की टेक कम्युनिटी को साथ आने का निमंत्रण दे रहे हैं, क्योंकि सबसे सुरक्षित प्रोडक्ट मिलकर बनाए जाते हैं।

### बग बाउंटी प्रोग्राम तक सीमित नहीं

यह पहल सिर्फ बग बाउंटी प्रोग्राम तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसा खुला मंच है, जहाँ डेवलपर्स, सिक्योरिटी रिसर्चर्स और एथिकल हैकर्स मिलकर एआई+ के प्रोडक्ट्स को और मजबूत बना सकेंगे। कंपनी का कहना है कि पारदर्शिता, प्राइवेसी और यूजर्स का अपने डेटा पर नियंत्रण उसकी प्राथमिकता है, जो उसके एनएक्सटीक्वांटम ओएस की भी बुनियाद है। प्रोजेक्ट ट्रस्ट+ से जुड़ने के लिए इच्छुक लोग माधव शेठ के इंस्टाग्राम बायो में दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### प्रोजेक्ट ट्रस्ट+ इसी दिशा में एक दीर्घकालिक पहल

कंपनी के अनुसार यह पहल उसकी उस रणनीति को भी मजबूत करती है, जिसमें उपयोगकताओं की प्राइवेसी, डेटा पर उनका नियंत्रण और पारदर्शी तकनीकी ढांचा प्रमुख आधार हैं। कंपनी का कहना है कि इस कार्यक्रम के जरिए टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों, डेवलपर्स, एथिकल हैकर्स और स्वतंत्र सिक्योरिटी रिसर्चर्स को एक साझा मंच दिया जाएगा। यही सिद्धांत कंपनी के अपने मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम एनएक्स क्वांटम ओएस के विकास में भी अपनाए गए हैं। एआई+ का कहना है कि उसका उद्देश्य केवल सुरक्षा के दावे करना नहीं, बल्कि विशेषज्ञों की भागीदारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लगातार मजबूत बनाना है। कंपनी के अनुसार प्रोजेक्ट ट्रस्ट+ इसी दिशा में एक दीर्घकालिक पहल है, जिसमें जवाबदेही और सहयोग दोनों को समान महत्व दिया गया है।

## गर्भवती महिलाओं के लिए एआई आधारित सुमन सखी चैटबॉट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के बाद स्वास्थ्य संबंधी सही एवं समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मध्यप्रदेश द्वारा एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित सुमन सखी चैटबॉट शुरू किया गया है। महिलाएं अब घर बैठे वॉट्सएप नंबर 9770905942 पर हिंदी में अपने प्रश्न पूछकर गर्भावस्था, प्रसव पूर्व देखभाल एवं प्रसव के बाद स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि उज्जैन जिले के सभी अधीनस्थ स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को इस चैटबॉट से जोड़ें। यह चैटबॉट 24 घंटे हिंदी में उपलब्ध है और गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल, उच्च जोखिम वाली स्थितियों तथा स्वास्थ्य संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि सुमन सखी चैटबॉट को मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के सहयोग से विकसित किया गया है। जानकारी सरल और सहज तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि महिलाओं को समय पर सही मार्गदर्शन मिल सके। सुमन सखी चैटबॉट का उपयोग करने के लिए महिलाएं वॉट्सएप नंबर अपने मोबाइल में सेव करें।

महापौर ने किया निरीक्षण, 288 आवासों के निर्माण की प्रगति का लिया जायजा

# मंछामन मल्टी का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

### मजदूरों की सुरक्षा और मृत श्रमिकों के परिजनों को मुआवजा देने के दिए निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मंछामन स्थित ईडब्ल्यूएस श्रेणी की आवासीय मल्टी का गुरुवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि शेष कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द उनके आवासों का आवंटन एवं हस्तांतरण किया जा सके।

महापौर ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि परियोजना के तहत कुल छह ब्लॉकों में 288 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें आई और जे ब्लॉक का लगभग 95



प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे जल्द समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं सी और डी ब्लॉक का करीब 80 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि जी और एच ब्लॉक में भी निर्माण कार्य तेजी से जारी है। अधिकारियों को सभी ब्लॉकों का कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### सुरक्षा सुनिश्चित करना ठेकेदार की जिम्मेदारी

निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण स्थल पर कार्यरत मजदूरों और कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देशित किया कि भवन निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा परिसर में सुरक्षा नेट लगाए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना ठेकेदार की जिम्मेदारी है। महापौर ने निर्माण कार्य के दौरान हुई दुर्घटनाओं का भी उल्लेख करते हुए निर्देश दिए कि जिन श्रमिकों की मृत्यु हुई है, उनके परिजनों को संबंधित ठेकेदार द्वारा नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य डॉ. योगेश्वरी राठौर, रजत मेहता, उपायुक्त मनोज मौर्य, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला सहित संबंधित विभाग के अधिकारी, ठेकेदार एवं कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

# जनभागीदारी से संभाग के सभी जिलों में उल्लेखनीय कार्य हुए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

छठवें मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया की अध्यक्षता में प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में संभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वित्त आयोग के सदस्य श्री के.के. सिंह तथा सदस्य सचिव श्री वीरेंद्र कुमार, संभागायुक्त श्री आशीष सिंह, उज्जैन संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स और सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त उपस्थित रहे।

बैठक में जिला मुख्यालयों के स्थानीय नगरीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के वित्तीय वर्ष 2025-26 तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के व्यय एवं आय, कुल व्यय में स्थापना व्यय तथा पूंजीगत व्यय के अनुपात, निकायों के मूल दायित्व जैसे स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रकाश, पेयजल, सीवरेज इत्यादि की व्यवस्था, 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के संदर्भ में प्राप्त राशि के उपयोग की स्थिति, राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के लिए किए गए उपाय, निकायों को वित्तीय रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुझाव, नगरीय तथा पंचायती राज निकायों द्वारा किए गए नवाचार और आयोग से अपेक्षा की जिलेवार विस्तार से समीक्षा की गई। श्री पवैया ने बैठक में कहा कि उनके एवं अन्य सदस्यों द्वारा सभी संभागों का निरंतर भ्रमण किया जा रहा है।

पूर्व थाना प्रभारी की वर्दी पर दागः 'पॉकेट गवाह' कांड में तीन साल के लिए पदावनत

# 742 प्रकरणों में दो ही लोगों को बनाया गवाह, आयुक्त ने सुनाई सजा

### विभागीय जांच में लगे गंभीर आरोप सिद्ध पाए जाने के बाद कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर पुलिस महकमे में लंबे समय से चर्चा का विषय बने 'पॉकेट गवाह' कांड में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए खजराना थाने के पूर्व थाना प्रभारी (टीआई) दिनेश वर्मा को तीन वर्ष के लिए पदावनत कर दिया है। विभागीय जांच में उन पर लगे गंभीर आरोप सिद्ध पाए जाने के बाद निरीक्षक पद से हटाकर उन्हें उप निरीक्षक (एसआई) के पद पर भेजा गया है। आयुक्त कार्यालय से जारी आठ पन्नों के विस्तृत आदेश में इस पूरे प्रकरण का ब्योरा दर्ज है।

दिनेश वर्मा 31 अगस्त 2020 से 2 अगस्त 2023 तक खजराना थाने में थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ रहे थे। इसी दौरान हुई जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में दर्ज कुल 742 प्रकरणों में इरशाद पुत्र अब्दुल हकीम को और 504 प्रकरणों में नवीन पुत्र रामचंद्र चौहान को गवाह के रूप में इस्तेमाल किया। सबसे गंभीर बात यह रही कि इन दोनों तथाकथित 'पॉकेट गवाहों' का उपयोग हत्या, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, कूटरचना, छेड़छाड़, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, आबकारी एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट जैसे संगीन मामलों की विवेचना में भी किया गया, जो पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### दायित्व का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी से नहीं किया



पुलिस आयुक्त ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि दिनेश वर्मा ने पुलिस रेगुलेशन के पैरा 64(2), 64(3) तथा पैरा 582 का खुला उल्लंघन किया। आदेश में यह भी दर्ज है कि थाना प्रभारी होने के नाते अपने अधीनस्थ स्टाफ के कामकाज की निगरानी और जवाबदेही उन्हीं की थी, लेकिन उन्होंने इस दायित्व का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी से नहीं किया। जांच में यह तथ्य भी उजागर हुआ कि एक मामले में जब्ती पत्रक पर गवाहों के फर्जी हस्ताक्षर तक किए गए, जिससे आरोपियों को परोक्ष रूप से फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। इस पूरे मामले की प्रारंभिक जांच तत्कालीन सीएसपी जयंत राठौर ने की थी, और उन्हीं की गोपनीय रिपोर्ट के आधार पर विभागीय जांच शुरू की गई थी।

### तीसरा मौका जब किसी निरीक्षक को पदावनत करने की कार्रवाई की गई



अपने बचाव में दिनेश वर्मा ने तर्क दिया कि गवाहों का चयन विवेचना अधिकारी द्वारा किया गया था, न कि उनके स्तर पर, और हस्ताक्षरों की सत्यता जांचने के लिए विशेषज्ञ परीक्षण कराया जाना चाहिए था। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारियों ने गवाहों पर दबाव बनाया था। हालांकि पुलिस आयुक्त ने अपने आदेश में इन दलीलों को असंतोषजनक करार देते हुए कहा कि उपलब्ध साक्ष्य वर्मा के विरुद्ध लगे आरोपों की पुष्टि करते हैं। गौरतलब है कि पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के कार्यकाल में यह तीसरा मौका है जब किसी निरीक्षक को पदावनत करने की कार्रवाई की गई है। इससे पहले निरीक्षक रवींद्र सिंह गुर्जर और अजय वर्मा के विरुद्ध भी इसी तरह की सख्ती बरती जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, आयुक्त के कार्यकाल में अब तक 20 से अधिक पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है, जबकि 100 से अधिक पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय जांच अब भी लंबित है, जिनमें कई थाना प्रभारी भी शामिल हैं। इस कार्रवाई को पुलिस महकमे में अनुशासन बहाल करने की दिशा में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है।

## आनंद जन्मसिद्ध अधिकार



आदमी आनंद की तलाश करता है, ऐसा कहते हैं। आदमी को देखकर भरोसा नहीं होता। ऐसा सुना है कि आदमी आनंद का खोजी है। उसे देखकर बात उल्टी मालूम पड़ती है। लगता यह है कि आदमी दुख का खोजी है। वह दुख को छोड़ता ही नहीं। दुख को पकड़ता है, उसे बचाता है, संवारता है, तिजोरी में सम्हालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, तो हीरे की तरह सम्हालता है। वह लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं कि आदमी आनंद का खोजी है, लगता है, वे आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो? अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता, और कुछ को मिल जाता, तो वे बांटते औरों को भी; उसकी कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राण में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं? ऐसा नहीं है कि पराये ही दुख देते हैं, अपने भी देते हैं। अपने ही ज्यादा दुख देते हैं। कभी हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक है, लेकिन जो कहते हैं कि तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, इसका हिसाब रखा है? अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो यह एक ही बात का सुबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही तो देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है, हमारे भीतर भरा है। नीम के पत्ते अगर कड़वे होते हैं, तो इसी कारण कि जहर उसके भीतर बह रहा है और आम अगर मीठा है, तो इसी कारण कि अमीरस उसके भीतर बह रहा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि भीतर हमारे कड़वाहट है। हम लाख कहें कि हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो, बेटे-बच्चों को देखो, सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए हैं। और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोज रहे हैं। मेरे पास रोज लोग आते हैं, जो कहते हैं कि हम सुख चाहते हैं। अगर तुम सुख चाहते हो, तो कोई भी तो बाधा नहीं है, सुख तो लुट रहा है। सुख तो चारों तरफ मौजूद है। तुम ऐसे हो, जैसे सामने गंगा बहती हो और किनारे खड़े छाती पीट रहे हो- मैं प्यासा हूं। झुको और पान करो। गंगा सदा सामने बहती है। जिन्होंने भी कभी आनंद पाया है, उन्होंने एक बात निरंतर दोहराई है कि आनंद तुम्हारा जन्मसिद्ध अधिकार है। तुम जिस भी पल तय कर लोगे कि आनंदित होना है, उसी क्षण आनंदित हो जाओगे। यह तुम्हारे रोएं-रोएं में समाया हुआ है। देरी का कोई कारण नहीं है।

**सम्पादकीय**

# संवाद से समाधान

सर्वोच्च न्यायालय ने युवाओं की बात संवेदना से सुनने की जैसी पैरोकारी की है, वह स्वागत के योग्य है। न्यायालय ने उचित ही कहा है कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा रोकने के लिए समाज व कानून लागू करने वाले अधिकारियों के पास उपलब्ध सबसे बड़ी ताकत यह है कि युवाओं की बात सुनी जाए और उन्हें सही सलाह दी जाए। लगे हाथ, न्यायालय ने चेतावनी भी दी है कि शक्तिशाली सरकार के नाम पर कोई भी आक्रामक कार्रवाई हालात को बिगाड़कर अशांति को जन्म दे सकती है। देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति मोहना की पीठ ने बहुत उपयोगी व्यवस्था दी है। इससे प्रदर्शनकारियों और सरकार, दोनों को निर्णय लेने में सहूलियत होगी। वाकई देश में युवा प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए संयमित दृष्टिकोण की जरूरत है। हमें टकराव का रास्ता अपनाने के बजाय संयमित होना चाहिए। संयमित आचरण के तहत पहली जरूरत है संवाद करना। कोई सरकार अगर ऐसा करती है, तो आंदोलन में उग्रता की आशंका घट जाती है। युवाओं को लड़ने के लिए मजबूर करने के बजाय समाधान की राह पर चलने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

बीती 20 जुलाई को सीजेपी के आंदोलन के समय जो हिंसा हुई, उस पर देश में अलग-अलग राय हैं। एक बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो युवाओं को माफ करना चाहते हैं, जबकि ऐसे लोग भी हैं, जो हिंसा करने वाले युवाओं पर यथोचित कार्रवाई के पक्ष में हैं। सीजेपी के आंदोलन के समय यह कहना ठीक नहीं होगा कि पुलिस सीधे हिंसा पर उतर आई। पुलिस ने भी जंतर-मंतर पर काफी संयम से काम लिया है। इस तथ्य को कतई नजरंदाज नहीं करना चाहिए कि उस प्रदर्शन या संसद मार्च में कुछ ही लोग थे, जिन्होंने हिंसा का सहारा लिया। हालांकि, यह बहस या अदालती सुनवाई का मुद्दा रहेगा कि हिंसा के लिए कौन जिम्मेदार था? सर्वोच्च न्यायालय में तमाम शिकायतों की सम्मिलित सुनवाई होनी चाहिए और सभी न्यायमूर्ति भी यही चाहते हैं। छात्रों की शिकायतों को सुनने की जरूरत है, तो पुलिस के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। ध्यान रहे, ताजा याचिका में भारतीय वायु सेना के एक पूर्व अधिकारी ने 20 जुलाई के संसद मार्च में शामिल आयोजकों और कथित दंगाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने व जवाबदेही तय करने की मांग की है। अनेक लोगों का आग्रह है कि हिंसा करने वालों या दिल्ली में बदजुबानी से माहौल खराब करने वालों को केवल राजनीतिक आधार पर माफ न किया जाए।

### मुद्दों की अनदेखी न करे राजनीतिक दल

# उपचुनाव की तीन सीटों ने दिया राजनीतिक संदेश ?

भारतीय लोकतंत्र में उपचुनावों को अक्सर केवल रिक्त सीटों को भरने की प्रक्रिया मान लिया जाता है, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक व्यापक होती है। कई बार एक उपचुनाव आने वाले बड़े राजनीतिक परिवर्तनों की आहट बन जाता है। बिहार की बांकीपुर, मध्यप्रदेश की दतिया और गुजरात की मांजलपुर विधानसभा सीटों पर आए हालिया नतीजों ने भी यही संकेत दिया है। इन तीन सीटों में बांकीपुर से जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की जीत, दतिया में कांग्रेस की सफलता और मांजलपुर में भाजपा की जीत ने भारतीय राजनीति को नए विमर्श दिए हैं। परिणामों ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि मतदाता अब केवल परंपरागत राजनीतिक समीकरणों से संतुष्ट नहीं है, बल्कि स्थानीय नेतृत्व, विश्वसनीयता और वैकल्पिक राजनीति को भी गंभीरता से परख रहा है।



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा बिहार की बांकीपुर सीट की रही, जहां चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर ने अपनी पहली विधानसभा जीत दर्ज की। यह केवल एक उम्मीदवार की जीत नहीं बल्कि उस वैकल्पिक राजनीति की पहली बड़ी सफलता है, जिसकी बात वे पिछले कई वर्षों से कर रहे थे। बांकीपुर लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। ऐसे क्षेत्र में जन सुराज जैसे अपेक्षाकृत नए दल का जीतना यह दशार्ता है कि यदि संगठन मजबूत हो, उम्मीदवार की व्यक्तिगत साख हो और जनता परिवर्तन के लिए तैयार हो तो स्थापित राजनीतिक दलों को भी चुनौती दी जा सकती है। रिपोर्टों के अनुसार भाजपा को अपने इस गढ़ में अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा।

प्रशांत किशोर की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने वर्षों तक विभिन्न दलों के लिए चुनावी रणनीति बनाई, लेकिन जब स्वयं राजनीति में उतरे तो उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन, शिक्षा, रोजगार और प्रशासनिक सुधार को अपनी राजनीति का आधार बनाया। आलोचक भले ही इसे आदर्शवादी राजनीति कहें, लेकिन बांकीपुर की जनता ने यह संदेश दिया कि यदि कोई नेता लगातार जनता के बीच रहे और विश्वसनीयता बनाए रखे तो उसके लिए राजनीतिक जमीन तैयार हो सकती है।बिहार की राजनीति के संदर्भ में यह परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में लंबे समय से एनडीए और महागठबंधन के बीच ही सीधा मुकाबला देखने को मिलता रहा है। जन सुराज की सफलता ने इस द्विध्रुवीय राजनीति में तीसरे विकल्प की संभावनाओं को मजबूत किया है। इससे भविष्य में दोनों बड़े गठबंधनों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है।

दूसरी ओर मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर कांग्रेस की जीत ने यह साबित किया कि भाजपा के मजबूत संगठन के बावजूद विपक्ष पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में मध्य प्रदेश की राजनीति में भाजपा का प्रभाव लगातार मजबूत दिखाई देता रहा है, लेकिन दतिया के मतदाताओं ने सत्ता पक्ष को यह संदेश दिया कि स्थानीय मुद्दों की अनदेखी का राजनीतिक मूल्य चुकाना पड़ सकता है। कांग्रेस के लिए यह जीत केवल एक सीट की सफलता नहीं है बल्कि कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने वाली उपलब्धि भी है। पिछले कुछ वर्षों में लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना कर रही कांग्रेस को ऐसे परिणाम संगठन को पुनर्जीवित करने का अवसर देते हैं। यदि पार्टी स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में सफल रहती है तो वह आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन कर सकती है।हालांकि कांग्रेस को आत्ममुग्ध होने की आवश्यकता नहीं है। एक उपचुनाव की सफलता को व्यापक जनादेश मान लेना राजनीतिक भूल होगी। पार्टी को यह समझना होगा कि मतदाता केवल विरोध के आधार पर समर्थन नहीं देता, बल्कि सकारात्मक विकल्प भी चाहता है।गुजरात की मांजलपुर सीट पर भाजपा की जीत ने यह दिखाया कि पार्टी अभी भी अपने पारंपरिक मजबूत क्षेत्रों में संगठनात्मक बढ़त बनाए हुए है। यद्यपि भाजपा दो सीटें हार गई, लेकिन मांजलपुर को बचाकर उसने यह संदेश देने का प्रयास किया कि उसका जनाधार पूरी तरह कमजोर नहीं हुआ है। भाजपा नेतृत्व ने भी परिणाम स्वीकार करते हुए बांकीपुर और दतिया में आत्ममंथन की बात कही है। इन तीनों परिणामों को यदि एक साथ देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि भारतीय मतदाता अब एक समान राजनीतिक व्यवहार नहीं कर रहा। बिहार में उसने नए विकल्प को मौका दिया, मध्य प्रदेश में विपक्ष को समर्थन दिया और गुजरात में सत्ता पक्ष पर भरोसा बनाए रखा। यह भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रमाण है।इन परिणामों से भाजपा के सामने कई चुनौतियाँ भी उभरती हैं। पिछले एक दशक में भाजपा ने मजबूत संगठन, प्रभावी चुनावी प्रबंधन और लोकप्रिय नेतृत्व के बल पर लगातार चुनावी सफलताएँ प्राप्त की हैं। लेकिन उपचुनावों ने संकेत दिया है कि केवल संगठन पर्याप्त नहीं है। स्थानीय असंतोष, उम्मीदवार चयन और क्षेत्रीय मुद्दों पर संवेदनशीलता भी उतनी ही आवश्यक है।विशेष रूप से बिहार में भाजपा के लिए यह परिणाम आगामी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। यदि प्रशांत किशोर अपनी इस सफलता को व्यापक जन आंदोलन में बदलने में सफल होते हैं तो राज्य की राजनीति त्रिकोणीय हो सकती है। इससे पारंपरिक गठबंधनों की चुनावी गणित बदल सकती है।वहीं विपक्ष के लिए भी यह परिणाम कई सीख लेकर आए हैं। विपक्ष लंबे समय से भाजपा की चुनावी मशीनरी का मुकाबला करने की रणनीति खोज रहा है। इन उपचुनावों ने यह बताया कि यदि स्थानीय नेतृत्व मजबूत हो, संगठन सक्रिय रहे और जनता के वास्तविक मुद्दों को केंद्र में रखा जाए तो सत्ता पक्ष को चुनौती दी जा सकती है। एक अन्य महत्वपूर्ण संदेश यह है कि मतदाता अब राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों में स्पष्ट अंतर करता है। लोकसभा चुनाव में जिस दल को समर्थन मिलता है, वही दल विधानसभा या उपचुनाव में भी विजयी होगा–यह धारणा अब कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। मतदाता प्रत्येक चुनाव में अलग-अलग आधारों पर निर्णय ले रहा है।प्रशांत किशोर की जीत ने चुनावी रणनीति और वास्तविक जननेतृत्व के बीच की बहस को भी नया आयाम दिया है। अब तक उन्हें एक सफल चुनावी सलाहकार के रूप में देखा जाता था, लेकिन विधायक बनने के बाद उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने वादों को व्यवहार में बदलने की होगी। जनता अब उनसे केवल आलोचना नहीं बल्कि समाधान की अपेक्षा करेगी। यदि वे विधानसभा में प्रभावी भूमिका निभाते हैं, जनहित के मुद्दे उठाते हैं और संगठन का विस्तार करते हैं तो जन सुराज बिहार की राजनीति में स्थायी स्थान बना सकता है।

### शब्दों की हिंसा भी व्यक्ति एवं समाज को घायल कर सकती

भारत की सनातन सांस्कृतिक परंपरा का मूलाधार संवाद, सौहार्द, सहिष्णुता और विचारों के प्रति परस्पर सम्मान रहा है। यहाँ मतभेद को सदैव स्वीकार किया गया, किंतु उसे कभी मनभेद या शत्रुता का आधार नहीं बनने दिया गया। वैदिक काल से लेकर आधुनिक लोकतंत्र तक हमारी बौद्धिक परंपरा इस सत्य की साक्षी रही है कि स्वस्थ समाज वही है जहाँ असहमति को सम्मान मिले और संवाद की भाषा मर्यादित बनी रहे।

दुर्भाग्यवश, पिछले कुछ वर्षों में भाषा का स्तर जिस तेजी से गिरा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। घर हो या कार्यालय, सड़क हो या संसद, चुनावी मंच हो या आंदोलन स्थल, सोशल मीडिया हो या धार्मिक मंच आदि सभी जगह कभी-कभी, अपमान एवं आपत्तिजनक तथा उत्तेजक भाषा का प्रयोग सामान्य होता जा रहा है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तियों को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिक चेतना और लोकतांत्रिक संस्कृति को भी आहत कर रही है। हाल ही में राजधानी के जंतर-मंतर पर आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान देश के प्रधानमंत्री सहित अन्य संवैधानिक पदों के प्रति जिस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। यद्यपि ऐसे लोगों की संख्या बहुत ही कम थी पर पूरे मर्यादित आंदोलन पर, युवा पीढ़ी पर एक डेंट तो लगा ही दिया। एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या विरोध दर्ज कराने की लोकतांत्रिक मयार्दाएँ धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही हैं? यह चिंता केवल किसी एक घटना तक सीमित नहीं है। वस्तुतःएक प्रश्न है कि क्या सार्वजनिक जीवन में भाषाई मर्यादा का निरंतर ह्रास हमारे सामाजिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण का संकेत दे रहा है?

भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्रदान करता है, किंतु यह स्वतंत्रता उच्छृंखलता का पर्याय नहीं है।

**- डा मनमोहन प्रकाश**

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 अगस्त 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:04 सूर्यास्त 19:02
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - नवमी 16:37 उपरांत दसमी
नक्षत्र - कृतिका 18:45 उपरांत रोहिणी
योग - वृद्धि 12:11 उपरांत ध्रुव
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृषभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 23

**मेष-** जीवनसाथी या पार्टनर के साथ खुशनुमा समय बीतेगा। सिरदर्द या आंखों में खिंचाव महसूस हो सकता है।

**वृषभ-** मंगल आपकी राशि में होने से ऊर्जा और साहस में वृद्धि होगी। संवाद बेहतर रहेगा।

**मिथुन-** आकस्मिक धन लाभ और आय के नए स्रोत बनने के योग हैं। दोस्तों और सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**कर्क-** प्रेम जीवन में नया उत्साह और आकर्षण बढ़ेगा। व्यायाम करते समय मांसपेशियों में खिंचाव से बचें। संवाद बेहतर रहेगा।

**सिंह-** भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, अटके हुए काम पूरे होंगे। धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी।

**कन्या-** व्यापारिक यात्रा लाभदायक सिद्ध हो सकती है। मानसिक शांति महसूस होगी, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला-** लव पार्टनर के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृश्चिक-** प्रतिस्पर्धियों और शत्रुओं पर आपकी विजय होगी। थकावट और जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**धनु-** नौकरी में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा और काम में तेजी आएगी। प्रेम संबंधों में नया मोड़ आ सकता है,

**मकर-** व्यर्थ के विवादों से खुद को दूर रखें। लव लाइफ में संवाद बनाए रखें, छोटी बातों को तूल न दें।

**कुंभ-** राहु आपकी राशि में होने से विचारों में स्पष्टता बनाए रखें। आपके पराक्रम और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन-** छोटे भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और छोटी यात्रा के योग हैं। संवाद बेहतर रहेगा।

**(व्यंग-बाण)**

## जंतर-मंतर से फूँका मंतर लो आ गया इस्तीफा

पेपर लीक यानि प्रश्नपत्र लीक, ये कोई नया नहीं हैं, पहले भी कई बार हुआ होगा , लेकिन उसके लिए इतना हल्ला नहीं मचा होगा, पहले भी आंदोलन हुए होंगे, लेकिन पहले के लोग इतना उग्र होना नहीं जानते थे। वे लोग गाँधीवादी थे। आजकल तो जो गाँधीवादी होने का दंभ भरते हैं, वहीं हिंसक बन जाते हैं, उनके लिए गाँधीवादी होना केवल मुँह दिखाई के जैसा हैं। पहले की बात करे तो, पेपर लीक होना, जैसे हमारे घर की पानी की टंकी लीक हुई और पानी बूँद-बूँद करके बहने लगा। उसके लिए आंदोलन की जरूरत नहीं होती थी, प्लम्बर को बुलाया, रिपेयर हो जाता था, लीक बंद हो जाया करता था। लेकिन आज जाँच के दौरान ही या उससे पहले ही सब्र का बाँध लीक हो जाता है। और सड़कों पर सब्र के बाँध का पानी बाढ़ बनकर तबाही ला देता हैं।



नीतिश नागर
(दैनिक अवन्तिका)

माना कि पेपर लीक मामला बहुत गंभीर और शर्मनाक अपराध हैं, दोषियों को उसकी सजा मिलकर रहेगी और मिलना ही चाहिए, सजा से बचने वाले और बचाने वाले, कोई नहीं बच पाये। क्योंकि यह छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला हैं। लेकिन इसको लेकर जो आंदोलन हुआ वह कुछ इस तरह से हुआ, जैसे साईकिल का अगला पहिया पंक्चर हो गया हैं। और साईकिल मालिक पंक्चर ठीक करवाने के बजाय, पिछले पहिये को भी पंक्चर करने लगे , रोकने पर पंक्चर जोड़ने वाले की ही कुटाई करने लगे। सिस्टम के फटे पजामे को रफू करने के बजाय, उसी फटे में राजनीति का पैर फँसाने लगे।

कोई भी अपराधी को पकड़ने का एक कानूनी तरीका होता हैं, कोई एक सिस्टम होता हैं। कानून अपना काम करेगा। बिना जाँच के ऐसे ही किसी को भी अपराधी घोषित करना, हमारी राजनीति का बरसों से चला आ रहा हवा-हवाई खेल हैं। वे अपराध का जजमेंट, बिना छानबीन के ही दे देते हैं। ये ही तो चमत्कार हैं, हमारे राजनीति के कलाकारों का। और ये ही जादूगरी हैं, हमारे राजनीति के जादूगरों की। सच को झूठ और झूठ को सच बनाकर पब्लिक को परोसते हैं। इसी षड्यन्त्र का मिर्च-मसाला लगाकर, भीड़ को उद्वेलित करने का प्रयास भी करते हैं। वही शांतिपूर्ण आंदोलन, कितने ही पवित्र उद्देश्य को लेकर किया जा रहा हो , हिंसा की आग में बलि चढ़ जाता हैं। उस आग में राजनैतिक रोटियाँ सिकने लगती हैं। अफवाह का तड़का लगाकर ग्रेवी वाली सब्जी भी तैयार कर ली जाती हैं और आंदोलन स्थल मात्र चौपाटी बनकर, खूब जमकर पार्टी मनाने का अड्डा बन जाया करता हैं।

नीट पेपर लीक आंदोलन छात्रों का आंदोलन था। अपने दिल पर हाथ रखकर ईमानदारी से कहिए कि झ इस आंदोलन में क्या केवल छात्र ही थे, छात्र इतने असभ्य और उद्दंडी नहीं हो सकते, जिस तरह से सोशल मीडिया पर गंदे चित्र, भद्दी टिप्पणियाँ और गाली गलौच वाले रील खूब जमकर वायरल हुए। मन कहता हैं ये सारा फेक होगा। पढ़े-लिखे सभ्य छात्र या छात्रा तो हो ही नहीं सकते, लगता हैं अराजक तत्वों द्वारा इस आंदोलन को अपहरण कर लिया गया था। मूल मुद्दा गधे के सिर से सींग जैसे गायब हो गया।

फिर अंत में इस आंदोलन ने जंतर-मंतर से बैठे-बैठे ऐसा मंतर फूँका कि झइस्तीफा आ गया, समस्त माँगे मान ली गई। खुशी का ठौर-ठिकाना नहीं रहा। ये मंतर कितना कारगर रहा कि मुद्दे से भटका आंदोलन सफल हो गया। चलो कम से कम समस्या का हल तो हुआ। अब भविष्य में कोई पेपर लीक होने से रहा, इस्तीफा जो आ गया। अब पेपर लीक प्रूफ होंगें। और भविष्य में यदि कोई गलती से पेपर लीक हुआ भी तो, हम फिर से जंतर-मंतर से मंतर फूंकेंगें, इस्तीफा तैयार मिलेगा। हमे समस्या से निपटने की राह मिल गई। इस्तीफा माँगों और समस्या का निवारण कर लो, कितना आसान, जिसके चौकाने वाले परिणाम आपके सामने हैं।

# देश नशा-मुक्त हो या न हो, नारे जरूर नशा-मुक्त हैं

कानून की सबसे लंबी सजा कभी अपराधी को नहीं, न्याय को मिलती है। नशा मुक्त भारत का मौजूदा अभियान इसी सजा के बीच अपनी सफलता का उत्सव मना रहा है। सौ-सप्ताहीय कार्यक्रम, युवाओं की शपथ, जागरूकता यात्राएं और सरकारी संकल्प यह भरोसा जगाते हैं कि नशे के खिलाफ निर्णायक संघर्ष चल रहा है। लेकिन दूसरी ओर एनडीपीएस कानून से जुड़े लगभग 3.96 लाख मुकदमे अदालतों में वर्षों से लंबित हैं। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का मौन बयान है, जहां न्याय की हर देरी अपराध का आत्मविश्वास बढ़ाती है। अभियान सक्रियता का आभास देते हैं, जबकि अदालतों की ठहरी हुई फाइलें बताती हैं कि व्यवस्था अपनी ही रफ्तार से हार रही है। नशा अब कानून से नहीं, कानून की देरी से सबसे अधिक सुरक्षित हो चुका है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

अदालतें जब समय हारने लगती हैं, तब अपराधी मुकदमे नहीं, अवसर गिनते हैं। पंजाब में लगभग साठ हजार और केरल में करीब पचास हजार एनडीपीएस मामले वर्षों से लंबित हैं। विशेष अदालतें जरूरत से कम हैं, न्यायाधीश सीमित हैं और मुकदमों की चाल इतनी सुस्त है कि अनेक आरोपी जमानत पर बाहर आकर अपना तंत्र फिर खड़ा कर लेते हैं। यहीं न्याय की देरी अपराध का सबसे विश्वसनीय संरक्षण बन जाती है। जितने अधिक मामले दर्ज होते हैं, उतना ही बैकलॉग बढ़ता है और उतना ही यह विश्वास गहराता है कि गिरफ्तारी अंत नहीं, केवल एक औपचारिक पड़ाव है। नशा मुक्त अभियान अपराध को सामाजिक अभिशाप बताते हैं, लेकिन न्यायिक विलंब उसी अभिशाप की उम्र बढ़ाता रहता है। यह ऐसा विरोधाभास है, जिसे अब कोई सरकारी उपलब्धि ढक नहीं सकती।

नशे का बाजार अब गलियों से निकलकर मोबाइल की स्क्रीन पर फल-फूल रहा है। इतिहास में पहली बार गली हार गई और स्क्रीन जीत गई। एन्क्रिप्टेड ऐप, डार्क वेब और सोशल मीडिया के बंद समूहों ने खरीद-बिक्री को इतनी गोपनीयता दे दी है कि ग्राहक को घर से बाहर निकलने की भी जरूरत नहीं पड़ती। जिन कॉलेजों में नशा विरोधी रैलियां निकलती हैं, वहीं के छात्र मोबाइल से सप्लायर तक पहुंच जाते हैं। पुलिस पुराने तस्करों को पकड़ती है, लेकिन तब तक डिजिटल दुनिया नए चेहरे तैयार कर चुकी होती है। हमारी कार्रवाई आज भी एनालॉग सोच में अटकी है, जबकि अपराध पूरी तरह डिजिटल हो चुका है। यही फासला अभियानों को प्रतीक और नशे को सुविधा बना देता है। जब तकनीक ही अपराध का सबसे भरोसेमंद माध्यम बन जाए, तब पोस्टर और शपथ उसकी रफ्तार नहीं रोक सकते।

जब ईमानदार श्रम की कीमत घटने लगे और जोखिम सबसे लाभकारी रोजगार बन जाए, तभी अपराध कारोबार बन जाता है। बेरोजगारी, त्वरित कमाई का आकर्षण और फैलता अवैध धन युवाओं को नशे की सप्लाई चेन में खींच लाता है। छोटे वाहक गिरफ्तार होते हैं, उनके परिवार बिखरते हैं और समाज उन्हें अपराध का चेहरा मान लेता है। उधर बड़े तस्कर कमजोर अभियोजन, लंबी कानूनी प्रक्रिया और तकनीकी खामियों की आड़ में बच निकलते हैं। अभियान युवाओं को नैतिकता का उपदेश देते हैं, लेकिन व्यवस्था सम्मानजनक आर्थिक विकल्प नहीं दे पाती। नशा केवल लत नहीं, कुछ परिवारों की छिपी आजीविका बन जाता है। जब तक यह आर्थिक सच स्वीकार नहीं किया जाएगा, हर अभियान बीमारी नहीं, उसके लक्षणों का उपचार करेगा। आंकड़े कभी-कभी ऐसी जीत का उत्सव मनाते हैं, जिसे सच्चाई चुपचाप हार में बदल चुकी होती है। हर वर्ष प्रवर्तन एजेंसियां बड़ी जब्तियों का दावा करती हैं। मीडिया में सुर्खियां बनती हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस होती हैं और इसे सफलता बताया जाता है।

**धर्म-आस्था**

# कांवड़ यात्रा : आस्था, अनुशासन और आत्मशुद्धि का महापर्व

त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनमै।
उवार्रुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

भारतीय संस्कृति में श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सर्वाधिक पावन काल माना गया है। वर्षा ऋतु की हरियाली, प्रकृति की शीतलता और शिवभक्ति का अद्भुत संगम इस माह को विशेष बनाता है। इसी मास में लाखों श्रद्धालु कंधों पर कांवड़ लेकर पवित्र नदियों से जल लाते हैं और शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, तप, अनुशासन, त्याग और आत्मशुद्धि का महापर्व है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट विष से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई। देवता और दानव सभी भयभीत हो उठे। तब भगवान शिव ने लोककल्याण के लिए उस विष का पान कर लिया और नीलकंठ कहलाए। माता पार्वती ने उनके कंठ में विष को रोककर प्राणों की रक्षा की। चंद्रमा ने अपने शीतल प्रकाश से, गंगा ने अपनी पवित्र धारा से और वासुकि नाग ने अपने स्पर्श से उन्हें शीतलता प्रदान की, किंतु विष की ज्वाला शांत नहीं हुई।

कथा है कि भगवान परशुराम ने अपने आराध्य की पीड़ा देखकर गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल कांवड़ में भरकर पैदल यात्रा की और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इससे शिव को शीतलता मिली। इसी कारण परशुराम को प्रथम कांवड़िया माना जाता है। तब से श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की परंपरा निरंतर चली आ रही है। श्रावण मास भगवान शिव को इसलिए भी प्रिय माना जाता है कि देवशयनी एकादशी के बाद भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व शिव पर रहता है। वर्षा ऋतु में प्रकृति अपने सौंदर्य के चरम पर होती है। खेतों में कार्य अपेक्षाकृत कम होने से ग्रामीण समाज भी इस अवधि में धार्मिक अनुष्ठानों और यात्राओं में भाग लेता रहा है। इस प्रकार कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा भी बन गई।

कांवड़ यात्रा का सबसे बड़ा संदेश आत्मसंयम है। श्रद्धालु नंगे पांव लंबी दूरी तय करते हैं, सात्विक जीवन अपनाते हैं, अनुशासन का पालन करते हैं और निरंतर भगवान शिव का स्मरण करते रहते हैं। मार्ग में भजन, कथा, सेवा और सत्संग का वातावरण रहता है। यह यात्रा सिखाती है कि कठिनाइयों का सामना धैर्य, संयम और विश्वास से किया जा सकता है। सामूहिक यात्रा में सहयोग, समानता और भाईचारे की भावना भी विकसित होती है। दुर्भाग्य से समय के साथ इस यात्रा का स्वरूप कुछ स्थानों पर बदलता दिखाई देता है। जहां पहले शिवनाम का शांत और भक्तिभाव से उच्चारण होता था, वहीं अब कई स्थानों पर तेज ध्वनि, प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा का वातावरण दिखाई देता है। किसकी कांवड़ अधिक भव्य है और किसका आयोजन अधिक आकर्षक है, इस होड़ ने कई बार आध्यात्मिक भाव को पीछे छोड़ दिया है। शिव सादगी और सरलता के देव हैं। उन्हें आडंबर नहीं, बल्कि निष्कपट भक्ति प्रिय है। इसलिए आवश्यक है कि कांवड़ यात्रा का मूल स्वरूप सुरक्षित रहे। आज यातायात की बढ़ती भीड़ के कारण कांवड़ यात्रा प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती बन गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, मार्ग व्यवस्था और आम नागरिकों की सुविधा के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। वहीं कांवड़ यात्रियों का भी दायित्व है कि वे अनुशासन, धैर्य और मयार्दा का पालन करें। धर्म कभी दूसरों के लिए कष्ट का कारण नहीं बनता, बल्कि सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।

कांवड़ यात्रा का वास्तविक उद्देश्य मन की शुद्धि है। जल केवल शिवलिंग पर ही नहीं चढ़ता, वह हमारे भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और द्वेष को भी शीतल करने का प्रतीक है। यदि यात्रा के बाद हमारे व्यवहार में विनम्रता, सेवा, करुणा और सत्य का समावेश नहीं हुआ, तो यात्रा अधूरी रह जाती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि कांवड़ यात्रा को केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मअनुशासन का पर्व बनाया जाए। शिव का संदेश है कि जीवन में त्याग हो, सेवा हो, संयम हो और सबके प्रति करुणा हो। जब श्रद्धा के साथ सदाचार जुड़ता है, तभी धर्म सार्थक होता है। श्रावण का यह पावन पर्व हमें याद दिलाता है कि आस्था का मार्ग कठिन अवश्य है, परंतु वही जीवन को प्रकाश, शांति और संतोष प्रदान करता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,45,800 रवा- 1,45,600 चांदी- टंच- 2,25,500 पाट- 2,24,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## किन्नर ने ठगी का आरोप लगाकर दर्ज कराया केस

**शाजापुर।** इंस्टाग्राम पर शुरू हुई दोस्ती, इंदौर में निकाह, साथ रहने के सपने और आवाज बदलवाने तक की कहानी आखिरकार पुलिस थाने पहुंच गई। कोतवाली पुलिस ने 26 वर्षीय किन्नर महिला की शिकायत पर महूपुरा निवासी मुशर्रफ मंसूरी और उसके परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट, धमकी और ट्रांसजेंडर व्यक्ति के अधिकारों के हनन से जुड़े प्रकरण दर्ज किए हैं। मूल रूप से बदनावर (धार) निवासी और वर्तमान में शाजापुर में रह रही पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जनवरी 2025 में उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर मुशर्रफ मंसूरी पिता जाकिर मंसूरी निवासी पटेलवाड़ी, शाजापुर से हुई थी। मुशर्रफ ने उससे शादी का वादा किया। पीड़िता का आरोप है कि मुशर्रफ उसे इंदौर के बॉम्बे बाजार क्षेत्र में ले गया, जहां दोनों ने मुस्लिम रीति-रिवाज से निकाह किया। कोर्ट में आपसी सहमति के दस्तावेज बनवा लिए।

## आवारा कुत्ते ने सात वर्षीय बच्ची को नोचा

**देवास।** आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को रविदास कॉलोनी में दूध लेकर घर लौट रही दो बहनों पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने सात वर्षीय मासूम बच्ची को सड़क पर गिराकर नोच डाला। बच्ची को बचाने के लिए उसकी दस वर्षीय बड़ी बहन ने कुत्ते को भगाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं हटा। दोनों बहनों की चीख-पुकार और शोर सुनकर कुत्ता वहां से भागा। घायल बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्ची की मां राधा ने बताया कि उनकी सात वर्षीय बेटी योगिता अपनी बड़ी बहन के साथ दूध लेने गई थी। दोनों बहनें रविदास कॉलोनी में हाथ पकड़कर घर लौट रही थीं, तभी एक आवारा कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया।

## महिला के गले से 80 हजार का मंगलसूत्र झपटा

**देवास।** सिविल लाइन ब्रिज के पास बुधवार रात एक महिला से चेन स्नैचिंग की वारदात हुई। दो बाइक सवार बदमाश महिला के गले से करीब 80 हजार रुपए कीमत का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता संतोष सोनी ने बताया कि वह अपनी सहेली के साथ रोज की तरह पैदल घूमने निकली थीं। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनके गले से मंगलसूत्र झपट लिया और तेज रफ्तार से फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने आसपास मौजूद लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### भाजपा कोर कमेटी की बैठक संपन्न, 8 से 14 अगस्त तक निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

# बूथ स्तर तक मनेगी संत रविदास जी की 650वीं जयंती, घर-घर पहुंचेगा समरसता का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर




आगामी तिरंगा यात्रा और संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को व्यापक स्तर पर मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कोर कमेटी और जिला पदाधिकारियों की अहम बैठक में इन दोनों प्रमुख आयोजनों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक मध्य प्रदेश शासन के मंत्री एवं शाजापुर जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि जिले में 8 अगस्त से 14 अगस्त तक भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। पार्टी का लक्ष्य है कि प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर तक इसमें ज्यादा से ज्यादा जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। इन यात्राओं के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

### सामाजिक समरसता के साथ मनेगी संत रविदास जयंती

संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिलेभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक मंडल और बूथ पर स्थित संत रविदास मंदिरों में आरती और पूजन कर समरसता का संदेश दिया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में भी विशेष आरती की जाएगी, जिसके जरिए सामाजिक समरसता, सेवा, समानता और राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराया जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय ने किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शाजापुर जिला प्रभारी डॉ. प्रभुराम जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक नायक, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, जिला महामंत्री विजय बेस व कृपाल सिंह मेवाड़ और संत रविदास जयंती के जिला प्रभारी भंवरसिंह राजपूत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे ने दी।




## मांगों को लेकर पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, राजस्व कार्य प्रभावित होने के आसार

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिले के पटवारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। शाजापुर जिले की शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल, मोहन बड़ोदिया, अवंतिपुर बड़ोदिया, गुलाना एवं पोलायकलां तहसीलों के पटवारियों ने एकजुट होकर हड़ताल में भाग लिया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पटवारी वर्ग लंबे समय से अपनी मांगों के निराकरण के लिए शासन का ध्यान आकर्षित करता रहा है। ज्ञापन, चर्चा और चरणबद्ध आंदोलन के बावजूद मांगों का समाधान नहीं होने पर संगठन को अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा। जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने बताया कि संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ, नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा आयोजित करना, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेयों का भुगतान तथा पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करना शामिल है। संघ का कहना है कि आंदोलन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संचालित किया जाएगा।

## शाजापुर कराओके क्लब ने दी महान गायक किशोर कुमार को संगीतमय स्वरांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिंदगी एक सफर है सुहाना... जैसे सदाबहार गानों से हर दिल पर राज करने वाले, भारतीय सिनेमा के अमर सितारे और मध्य प्रदेश की माटी के लाल, सदी के महानतम गायक स्व. किशोर कुमार के जन्मदिवस पर शाजापुर कराओके क्लब द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्थानीय निजी होटल में विशेष संगीतमय स्वरांजलि संध्या कार्यक्रम हुआ जिसमें क्लब के स्वर साधकों ने किशोर दा के कालजयी और जादुई नगमों की सुमधुर प्रस्तुतियां देकर महफिल में उनकी अमर आवाज को एक बार फिर जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संयोजक मनोज गिरजे ने किशोर दा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सभी संगीत प्रेमियों एवं स्वर साधकों का आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात क्लब के वरिष्ठ सदस्य उमेश टेलर ने मध्य प्रदेश के खंडवा में जन्मे किशोर दा के जीवन-वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि किस तरह बचपन के आभास कुमार ने अपने संघर्ष और अद्भुत प्रतिभा के बल पर संगीत जगत में किशोर कुमार के रूप में एक अमिट पहचान बनाई। इस दौरान उन्होंने श्रोताओं के साथ किशोर दा के जीवन के कई अनसुने पहलुओं, दिलचस्प किस्सों और संस्मरणों को भी साझा किया। किशोर दा केवल एक गायक नहीं, बल्कि भारतीय संगीत के वो सदाबहार रंग हैं, जिन्होंने अपनी आवाज के जादू और गहरे एहसासों से हर पीढ़ी को अपना दीवाना बनाया है।

इस यादगार शाम में गायकों ने रूप तेरा मस्ताना के रूमानी अंदाज से लेकर जिंदगी का सफर के दार्शनिक भाव और इना मीना डीका की मस्ती से भरे गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। क्लब के डॉ. संजय खंडेलवाल, मनोज गिरजे, जितेंद्र बिरथरे, अभिमन्यु मिश्रा, अनिल सोनी, महेंद्र नायक, भूपेंद्र राठौर, मुकेश सोनी, राम जी उईके, लीना भट्ट, नीलम राठौर सहित अन्य साथी कलाकारों ने किशोर दा के मनमोहक गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया और पूरे माहौल को संगीतमय कर दिया। कार्यक्रम के अंत में समस्त सदस्यों एवं संगीत प्रेमियों द्वारा किशोर दा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उन्हें भावपूर्ण स्वरांजलि देकर इस शानदार आयोजन का समापन किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों के संरक्षण का बीड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

पर्यावरण की रक्षा और मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान अब युवाओं की सक्रिय भागीदारी से एक मजबूत मुहिम बन चुका है। इसी कड़ी में शाजापुर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने एक सार्थक पहल की।

अभियान के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों ने न केवल पौधे रोपे, बल्कि श्रमदान के जरिए उनके जीवनपर्यंत संवर्धन और सुरक्षा का पक्का संकल्प भी लिया। पौधारोपण के बाद अक्सर पौधों की देखभाल में होने वाली लापरवाही को ध्यान में रखते हुए, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाने से पूरा नहीं होता। जब तक प्रत्येक नागरिक अपने लगाए गए पौधे की नियमित सिंचाई और देखभाल की जिम्मेदारी नहीं उठाता, तब तक यह अभियान सफल नहीं हो सकता। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने भी स्वयंसेवकों को प्रकृति संतुलन में पौधों के महत्व और इस अभियान के दूरगामी उद्देश्यों से अवगत कराया। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसका व्यावहारिक पक्ष रहा। युवाओं को सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान नहीं दिया गया, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर काम करना सिखाया गया। एनएसएस इकाई के सलाहकार एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक रविकुमार ने स्वयंसेवकों को पौधों के आसपास उगने वाली खरपतवार हटाने, जड़ों पर सही तरीके से मिट्टी चढ़ाने और सिंचाई की उचित विधि की न सिर्फ जानकारी दी, बल्कि इसका व्यावहारिक अभ्यास भी कराया। प्रशिक्षण के तुरंत बाद युवाओं ने अपनी जिम्मेदारी संभाल ली।

वरिष्ठ स्वयंसेवक आशीष परमार, सूरज राय, रेणुका और नीलम के नेतृत्व में स्वयंसेवकों की पूरी टीम ने जमकर श्रमदान किया। चंचल पाटीदार, मोना सौराष्ट्रीय, ने मिलकर पौधों के आसपास की सफाई की, व्यवस्थित रूप से मिट्टी चढ़ाई और पौधों को पानी देकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली।

## विद्यार्थियों ने कोतवाली भ्रमण में शिकायत से जांच तक पुलिस की पूरी कार्यप्रणाली समझी



**देवास।** देवास शहर के सांदीपनी स्कूल के विद्यार्थियों ने को कोतवाली थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझा और विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी श्यामचंद शर्मा ने विद्यार्थियों को पुलिस के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी शिकायत या रिपोर्ट को दर्ज करने से लेकर उसकी जांच, कानूनी कार्रवाई और पीड़ितों की सहायता तक की पूरी प्रक्रिया कैसे संचालित होती है। शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी घटना या दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस किस प्रकार त्वरित कार्रवाई करती है। भ्रमण के दौरान छात्रों को थाने के अलग-अलग विभागों में ले जाकर पुलिस के दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने पुलिस के क्विक रिस्पांस सिस्टम, जांच प्रक्रिया और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका को समझा। छात्रों ने बताया कि यह भ्रमण उनके लिए ज्ञानवर्धक रहा, क्योंकि उन्हें पहली बार थाने के अंदर की कार्यप्रणाली को जानने का अवसर मिला। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## अवैध कब्जा हटाने के लिए दुकानदारों को अंतिम चेतावनी, अब कार्रवाई की तैयारी

**अकोदिया।** अकोदिया नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त रुख अपना लिया है। नोटिस देने और बार-बार समझाने के बाद भी जब लोगों ने कब्जा नहीं हटाया, तो परिषद से अभियान चलाने जा रही है। परिषद ने पहले 100 से ज्यादा पक्के और कच्चे दुकानदारों और हाथ-ठेला चालकों को नोटिस देकर खुद ही कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी। नगर परिषद की टीम ने दुकानदारों को आखिरी बार समझाया भी, लेकिन यह सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई। कुछ ठेले और सामान जरूर हटाए गए, लेकिन ज्यादातर कब्जा वैसा का वैसा ही बना रहा।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर सुपोषण व स्तनपान अभियान, माताओं को किया जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सोयतकला

नगर के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर सुपोषण अभियान एवं स्तनपान जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों के संतुलित पोषण और माताओं को जन्म के बाद पहले छह माह तक शिशु को केवल स्तनपान कराने के महत्व की जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी केंद्र 6, 7, 8, 12, 13 एवं वार्ड 15 में आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं ने माताओं को शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए स्तनपान के लाभ बताए। साथ ही बच्चों के कुपोषण की रोकथाम और पौष्टिक आहार अपनाने के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा निम्बार्क, ममता तिवारी, पवित्रा जाटव, दीपिका वाशरमेन, लाजवंती राठौर, ज्योति कुशवाह तथा सहायिका अलका निम्बार्क सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने पत्रकार महेंद्र जैन को श्रद्धांजलि दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद



नगर के पत्रकार एवं भाजपा के युवा नेता महेंद्र जैन का विगत दिनों मोटर साइकिल से एक्सीडेंट होने पर चोट लगने के कारण उनका इलाज उज्जैन के अस्पताल में चल रहा था वहां उनका हार्ट अटैक आने से मंगलवार रात में मौत हो गई थी। उनके उठावना कार्यक्रम में कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गहलोत आज बडौद पहुंचे और पत्रकार महेंद्र जैन के निवास पर पहुंचे जैन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और शोक संवेदना व्यक्ति की और विगत दिवस हार्ट अटैक से दिवंगत माणक नाहर की आकस्मिक मौत हो गई थी तो उनके निवासी पर भी पहुंचे और माणक नाहर को भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। इस अवसर पर विधायक मधु गेहलोत, ओम मालवीय, बहादुर सिंह चौहान, विधायक चिंतामणि मालवीय, जितेंद्र गहलोत, गोविंदसिंह बरखेड़ी, श्यामसिंह परिहार, मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह, एल्डरमेंन मुकेश शर्मा, मनोज महाजन, लालसिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री हेमराज बारोड़ पिता श्री नारायण बारोड़ एवं श्रीमती लक्ष्मीबाई बारोड़ पति श्री हेमराज बारोड़ निवासी 106, बेगमपुरा, उज्जैन म.प्र. द्वारा उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल संपत्ति/मकान स्थित 106, खुर्रमशाह जहां मार्ग, उज्जैन के विक्रय हेतु श्री सलाहउद्दीन शेख पिता रफीकउद्दीन शेख निवासी 3/4, खंदार मोहल्ला, उज्जैन के साथ 31-07-2026 को केवल सौदा चिट्ठी (बयाना रसीद) निष्पादित की गई थी। इस संबंध में दिनांक 28-07-2026 को दैनिक अवन्तिका समाचार पत्र में जाहिर सूचना का प्रकाशन जीएच शेख, एडवोकेट, जीएफ शेख, सर्विस प्रोवाईडर ऑफिस 123, बेगम बाग चौराहा, मस्जिद जामा ए शकेब के पास, उज्जैन के माध्यम से करवाया था।

उक्त सौदा चिट्ठी की शर्तों के अनुसार क्रेता द्वारा निर्धारित अवधि में शेष विक्रय मूल्य का भुगतान नहीं किए जाने के कारण उक्त सौदा स्वतः निरस्त कर दिया गया है। साथ ही, क्रेता द्वारा दी गई संपूर्ण बयाना राशि भी उसे वापस कर दी गई है, जिसकी प्राप्ति के उपरांत दोनों पक्षों के मध्य उक्त सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन, अधिकार, दावा अथवा दायित्व शेष नहीं है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त निरस्त सौदा चिट्ठी के आधार पर किसी भी प्रकार का कोई दावा, अधिकार या व्यवहार मान्य नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उक्त निरस्त सौदा चिट्ठी के आधार पर कोई लेन-देन या दावा करता है, तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा उसके लिए मेरे पक्षकारगण उत्तरदायी नहीं होंगे। अतः सूचित हो।

दिनांक 06-07-2026 स्थान उज्जैन (म.प्र.)

**गुंजेश मंडोरिया (एडवोकेट)**
**कार्यालय 5, नगारची बाखल, एटलस चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 9111175790**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद् बडनगर जिला उज्जैन

**क्र./1763/ई-टेंडर/दी. रसो न.पा./2026-27 बडनगर दि. 4/8/2026**

### प्रस्ताव आमंत्रण सूचना
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

**दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत रसोई के संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण**

दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत नगर पालिका परिषद, बडनगर क्षेत्र में दीनदयाल रसोई योजना संचालन हेतु इच्छुक गैर शासकीय/धार्मिक/स्वयंसेवी/कल्याणकारी संस्था/एरिया लेवल फेडरेशन / स्वसहायता समूह/व्यक्ति से ऑनलाईन निविदायें ऑनलाईन टेंडर नं. 2026_UAD_526997_1 दिनांक. 05-08-2026 से आमंत्रित की जा रही है। जिस हेतु निविदा प्रपत्र प्रकाशन दिनांक 05-08-2026 .. समय. 10.30 प्रातः से दिनांक 19-08-2026 से समय 5.30 शाम तक ऑनलाईन भुगतान कर वेबसाईट https://mptenders.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

कार्य हेतु निविदा प्रपत्र की लागत रू. 2000 एवं अमानत राशि रू. 10000/- है।

कार्य का विस्तृत, शर्ते वांछित योग्यता, अनुबंध की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्ताव का स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक से प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 21-08-2026 को 14.30 पीएम बजे खोले जायेंगे।

**मुख्य शर्तेः-**

1. संस्था क्रियाशील होकर उसका पंजीयन जीवित होना अनिवार्य है।
2. संस्था का विगत 5 वर्ष का चार्टर्ड अकांउटेंट द्वारा ऑडिट किया गया हो जिसकी ऑडिट रिर्पोट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। संस्था का टर्नओवर 25 लाख से कम नहीं हो। टर्नओवर के आधार पर उसका मूल्यांकन किया जावेगा।
3. संस्था को समन्वय एवं अनुश्रवण समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम व्यक्तियों को प्रतिदिन भोजन पका कर गर्म ताजा वितरित करने का कम से कम 5 वर्षों का अनुभव होना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा में प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. संस्था को दीनदयाल रसोई योजना के निदेशों व नियमों का ज्ञान भलीभांति होना अनिवार्य है। निविदा में स्व प्रमाण पत्र अथवा समान क्षेत्र में योजना के संचालन का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. संस्था का अनुबंध 03 वर्षों के लिये मान्य होगा।

जारी निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर किया जावेगा। समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत एवं बिना कारण बताये निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आयुक्त नगर पालिका बड़नगर का होगा।

**श्री अभय टोंग्या** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बड़नगर
**श्रीमती अनिता सतीश वर्मा** उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बडनगर
**श्री एम.आर.निंगवाल** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् बडनगर

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम बरनावद पटवारी हल्का नम्बर 00004 तह. तराना जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नम्बर 657/1/2 रकबा 0.75 हेक्टर कृषी भुमि अनीताबाई पति देवकरण जाति गुर्जर निवासी ग्राम बरनावद तह. तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व एंव आधिपत्य कि स्थित है। जिसके पूर्व में सर्वे नम्बर 658 672/2 कि भुमि, पश्चिम में सड़क उत्तर में सर्वे नम्बर 657/3 की भुमि तथा दक्षिण में सर्वे नम्बर 657/1/1 कि भूमि स्थित है। उक्त चतुर्सीमता में वर्णित कृषी भुमि को विक्रेता अनिताबाई द्वारा केता रवि पटेल पिता मुकेश पटेल जाति खाती आयु 33 वर्ष निवासी टीगरिया छोटा तह. देवास जिला देवास द्वारा कृय किया गया है। जिसका आंशिक बयाना भी अदा कर दिया गया है। जिस किसी को भी उक्त वर्णित बिक्रित सम्पत्ति सम्बन्धित लेख या दस्तावेज हो, शासकिय अर्द्धशासकीय लेन देन हो, या किसी प्रकार का उक्त सम्पत्ति पर कर्ज या टेक्स बकाया हो या उक्त भुमि संबंधित कोई आपत्ति हो, तो मय मूल दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित हो कर आज दिनांक से 7 दिवस के अन्तराल में आपत्ति दर्ज करा सकता है। 7 दिन के बाद कोई आपत्ति मान्य नही कि जावेगी।

दिनांक :- 07.08.2026

**मिर्जा असद बैग**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन मोबा. 7415348079**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार नवाब खां पिता छोटे खां जाति मुसलमान निवासी सांवेर जिला इंदौर ने कलाबाई विधवा धनसिंह, दरबारसिंह, केवलसिंह, रतनबाई, भूरी बाई पिता धनसिंह जी जाति राजपुत निवासी कुनगारा तह. बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 418 रकबा 1.21 हे0, सर्वे नं. 419/1 रकबा 0.19 हे0, सर्वे नं. 415 रकबा 0.86 हे0, कुल किता 03 कुल रकबा 2.26 है भूमि स्थित ग्राम कुनगारा तह. बडनगर जिला उज्जैन उक्त भूमि कि चतुर्सीमा पूर्व दिशा में अन्य किसान कि भूमि, पश्चिम दिशा में नारायण मुकाती, उत्तर दिशा में शेष भूमि तथा दक्षिण दिशा में आम रास्ता को विक्रय करने का सौदा दिनांक 06.08.2026 को कर बयाना राशी अदा कर दि है तथा उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित होना है और उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विकय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा । सुचित हो दिनांक 06.08.2026

**अंसार पटेल एडव्होकेट**
**न्यायालय परिसर बडनगर तह. बडनगर जिला उज्जैन**
**मो. 9770281664**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि स्वामी श्री हुकुचंद खत्री पिता श्री होतचंद्र खत्री, निवासी- ए-141 वी.डी क्लाथ मार्केट फाजलपुरा, उज्जैन ग्राम नहारिया तह व जिला उज्जैन, से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषक एक कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 319/1 (S) रकबा 0.6800 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक 319/2(S) रकबा 0.6800 हेक्टेयर में से 0.4500 हेक्टेयर भूमि, कुल किता 2 कुल रकबा 1.1300 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम नहारिया तहसील व जिला उज्जैन प.ह. नंबर 0097 में हैं को क्रय करने का सौदा किया होकर अनुबंध सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, एवं इसके अलावा किसी अन्य, बैंक, व्यक्ति, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री, या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रातः 11 से शाम 5 बजे के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा व अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी सूचित हो। इति दिनांक : 06/08/2026

**श्रीमती पुष्पा शर्मा (चौधरी) (एडवोकेट)**
**'कार्यालय CF-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 79876-46909**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार मोहन पिता रामसिंह पटेल निवासी नाहरखेड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन ने ग्राम लसूड़ियामंसूर तहसील झारडा स्थित कृषि भूमि सर्वे नंबर 66 रकबा 0.44 हे0 व सर्वे नंबर 83 रकबा 0.81 हे० इस प्रकार कुल सर्वे नंबर 2 कुल रकबा 1.25 हे0 को कय करने का सौदा विक्रेता सूरजबाई पति भगवान निवासी ग्राम सेमल्या जिसके नाम से उक्त भूमि बतौर भूमिस्वामी दर्ज हैं, से गिरधारी पिता जगन्नाथ चौहान की सहमति से तय किया होकर बयाने की राशि प्रदान कर दी गई होकर तय समयावधि में विक्रय अनुबंध पत्र एवं रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित होना हैं।

उक्त सौदे के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था या रिश्तेदार, नातेदार या फिर अन्य पक्षकार को कोई आपत्ति हो या फिर इस भूमि में उनका कोई हक हिस्सा निहित हो या फिर यदि किसी व्यक्ति या संस्था का बंधक, ऋण या भार बकाया होकर उनको कोई अधिकार हो तो वह उक्त जाहिर सूचना सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा उक्त अवधि के पशचात मेरा पक्षकार विक्रय पत्र निष्पादन हेतु स्वतंत्र होगा तथा कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। तदनुसार सूचित हो। इति दिनांक 06-08-2022

**जितेन्द्र कुमार जैन एडव्होकेट**
**17 असाड़ी गली महिदपुर मो. 9977142920**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री हेमंत कुमार मेहता पिता श्री गोवर्धनलालजी मेहता निवासी 193, बड़ा तेलीवाड़ा उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का मकान क्रमांक पुराना 163 नया क्रमांक 151 स्थित मनीपार्क वे आगर रोड़ उज्जैन जिसका कुल एरिया 139-53 वर्ग मीटर होकर जिसकी चर्तुःसीमा में पूर्व :- सड़क कालोनी की । पश्चिम में :- भूखण्ड अन्य का। उत्तर मे :- भूखण्ड क्रमांक 152 । दक्षिण में :- भूखण्ड क्रमांक 150 तथा पेमाईश मे लम्बाई 15-25 मीटर एवं चौड़ाई 9-15 मीटर होकर जो दो मंजिला अर्थात तल लगायत प्रथम मंजिला पक्का आर०सी०सी० छत से निर्मित है, को मय तला जमीन एंव हवाई हक्क सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि दे दी गई है तथा अब उक्त भवन स्वामी को शेष विक्रय धन राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एवं पंजीयन करवाया जाना है, उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, अराष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी संस्था, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो या किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, शुल्क, पेनल्टी, दण्ड, देनदारी, ब्याज आदि बकाया हो या उक्त संपत्ति मे किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7, दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष विक्रय धन राशि उक्त भवनस्वामी को अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायगी, सो सूचित हो। इति दिनांक :- 06/08/2026 ई० स्थान- उज्जैन

**भूपेन्द्रकुमार दुग्गड़ अभिभाषक**
**बी-2 भरतपुरी काम्पलेक्स ओल्ड उप-पंजीयक कार्यालय उज्जैन (म.प्र.) समय - दोपहर 12 से शाम 5 तक**
**मोबा. 98270-15921, 6260-316839**

# नकली किन्नरों द्वारा गाँव में मांगा जा रहा था नेग असली किन्नरों ने की पिटाई

## वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जगोटी

समीपस्थ ग्राम खुरचनिया प्रताप में सोमवार को सावन मास में महिला का वेश बनाकर नेग व भिक्षावृत्ति कर रहे तीन लोगों को जगोटी से पहुंचे पांच किन्नरों ने जमकर पीटा, फिल्मी तर्ज पर लाठी चलाते हुए किन्नरों ने उनके कपड़े फाड़ कर नंगा कर दिया व बीच बचाव करने वाले ग्रामवासियों के साथ अभद्र व्यवहार व गाली गलौज भी की गई, इस घटना का वीडियो वायरल होते ही जगोटी क्षेत्र के गांवों में हड़कंप मच गया।

बताया जाता है कि हर साल सावन माह में विभिन्न गांवों में भिक्षुओं द्वारा भिक्षावृत्ति की जाती है जगोटी स्थित किन्नर नीलम व



मुस्कान व उनके साथियों को खबर मिली कि बाहर से आए किन्नर खुरचनिया प्रताप में नेग मांग रहे, यहां के किन्नर चार पहिया वाहन से गांव पहुंचे व भिक्षावृत्ति कर रहे तीन लोगों पर लाठियों से पीट डाला, दस मिनट तक चली इस मारपीट में भिक्षावृत्ति कर रहे एक पुरुष जिसने साड़ी पहन रखी थी उसे नंगा कर दिया उसके सिर से खून भी बह निकला।

उपस्थित ग्रामीणों ने महिलाओं व बच्चियों के सामने भिक्षुओं को नंगा करने पर आपत्ति ली तो उनके साथ भी किन्नरों ने अभद्र व्यवहार किया गया। घटना की रिपोर्ट थाना राघवी पर किसी भी पक्ष ने दर्ज नहीं की है आई वीरेंद्र सिंह बंदेवार ने कहा कि कोई भी पक्ष या ग्रामीण जन इस घटना को लेकर शिकायत दर्ज करते हैं तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

किन्नरों द्वारा गांव में सार्वजनिक रूप से की मारपीट व भिक्षुओं को नंगा करने से गुस्साए ग्रामीणों ने चौपाल पर एकत्र हो कर इस घटना की कड़ी निन्दा करते हुए गांव में किन्नरों के प्रवेश पर सर्वसम्मति से प्रतिबंध लगाते हुए भविष्य में ऐसी घटना होने पर पुलिस कार्रवाई की की चेतावनी किन्नरों को दी गई है, चौपाल पर पहुंचे जगोटी के किन्नरों ने ग्रामवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी।

### दिनभर चर्चा का बाजार गर्म रहा

चौपाल पर वसूली पटेल कमलसिंह पटेल, रामगोपाल बाहेती, मोहनलाल वर्मा, गोपाल दास बैरागी कालूसिंह सोलंकी, बद्रीलाल खुरचनिया, महेश बैरागी सहित एक सौ पचास से अधिक वरिष्ठ नागरिक व पंचगण मौजूद थे, इधर जगोटी में भी इस घटना को लेकर दिनभर चर्चा का बाजार गर्म रहा, यहां के ग्रामीणों व व्यापारियों के मुताबिक किन्नरों द्वारा त्योहारों पर नेग की राशि को लेकर विवाद किया जाता है तथा उनके मन मुताबिक राशि नहीं देने पर बाहर से आए साथी किन्नरों द्वारा लोगों से अभद्र व्यवहार व गाली गलौज भी की जाती रही है।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं - बीईओ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से 14 से 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेल गतिविधियों से जोड़ने, प्रोत्साहित करने एवं विकासखंड स्तरीय खेल कैलेंडर जारी करने के उद्देश्य से सुसनेर विकासखंड के खेल शिक्षकों एवं प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुसनेर में की गई।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी ने समस्त खेल शिक्षकों की सहमति से वर्ष 2026-27 का खेल कैलेंडर बनवाया। उन्होंने सभी खेल प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आप आपके विद्यालय से अनिवार्य रूप से समय-समय पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन करें और अच्छे छात्रों को चयनित कर विकासखंड स्तर तक पहुंचाएं। खेलों के द्वारा ही छात्र-छात्राओं में ईमानदारी, सहनशीलता, धैर्य विवेक एवं सामूहिक सहयोग भावना जैसे उच्च मानवीय मूल्यों का विकास



होता है। जिससे उनका व्यक्तित्व का विकास बहुत तेज गति से होता है। छात्रों के आत्मविश्वास वृद्धि में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । वर्तमान समय में खेलों के द्वारा छात्र-छात्राएं अपना करियर भी बना सकते हैं एवं अपने विद्यालय, गुरु, परिवार एवं देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।

सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय तुरंत अपने अपने विद्यालय की क्रीडा शुल्क जमा करें एवं योग्य छात्र-छात्राओं का पंजीयन करावे बगैर पंजीयन कराये एवं क्रीड़ा शुल्क जमा किए बिना छात्र छात्राएं खेल गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुसनेर विकासखंड राष्ट्रीय पर्व प्रभारी निर्मल भारती, पीरुलाल खटीक, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर खेल एवं कल्याण विभाग सोनू पाटीदार, विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हेमंत उमठ, अनीता गेहलोत, खेल प्रभारी शिक्षक राजेश माली, राजाराम सोलंकी, संतोष सिंह, मनीष सोलंकी, प्रमोद कुमार शर्मा, इसाक मोहम्मद, एमके जैन, दीपिका भावसार, गिरीश शर्मा, बाबूलाल बंसिया, उमरावसिंह, प्रहलाद पाटीदार, जगदीश पाटीदार, जगदीश मालवीय आदि विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक मौजूद थे।

# परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, तीन बसें जब्त

## बिना परमिट एवं दस्तावेज संचालित वाहनों पर कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में यात्री सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा मोटरयान अधिनियम के प्रभावी पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार जिला परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को पचोर क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना वैध परमिट एवं आवश्यक दस्तावेजों के संचालित तीन बसों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त किया गया तथा विभिन्न प्रकरणों में कुल 11 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य ने बताया कि जांच के दौरान बीटी रोड स्थित पचोर-बिलापुर मार्ग पर एक यात्री बस बिना वैध परमिट के संचालित पाई गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बस को तत्काल जब्त कर थाना पचोर में सुरक्षित खड़ा कराया गया। इसी क्रम में उदनखेड़ी स्थित संस्कृति विद्यालय की दो स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान दोनों बसों के आवश्यक दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए जाने पर उन्हें भी जब्त कर थाना पचोर में रखा गया। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि तीन दिवस के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कर विभाग के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कृष्णा मॉडर्न स्कूल की एक बस बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित पाई गई, जिसके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले में यात्री वाहनों, स्कूल बसों एवं अन्य वाणिज्यिक वाहनों की नियमित एवं सघन जांच आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन संचालकों एवं शिक्षण संस्थानों से अपील की कि वाहन संचालन से पूर्व परमिट, फिटनेस, बीमा, पंजीयन सहित सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखें तथा यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें।

### भारतीय किसान संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# फसल बीमा, बिजली कटौती और जंगली जानवरों की समस्या को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

भारतीय किसान संघ तहसील इकाई-सारंगपुर ने बुधवार को क्षेत्र के अन्नादाताओं की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर की अनुपस्थिति में तहसीलदार शैलजा मिश्रा को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने किसानों के अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाई।

ज्ञापन के माध्यम से संघ के तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर ने अवगत कराया कि सारंगपुर तहसील के कई गाँव खरीफ वर्ष 2025 की फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं, जबकि प्राकृतिक आपदा के कारण इन सभी गाँवों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई थीं। मांग की गई है कि वंचित गाँवों को तत्काल फसल बीमा की राशि प्रदान करने हेतु आवश्यक आदेश जारी किए जाएँ। उन्होंने कहा कि सारंगपुर तहसील क्षेत्र में लगातार और अत्यधिक बिजली कटौती की जा रही है, जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई सहित अन्य कृषि कार्यों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। किसानों को पर्याप्त एवं नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई।

ज्ञापन के माध्यम से संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि आवारा व जंगली सूअर, नीलगाय, हिरण तथा अन्य जंगली जानवर खेतों में घुसकर फसलों को लगातार भारी नुकसान पहुँचा रहे हैं। किसानों की खून-पसीने की कमाई को बचाने के लिए प्रभावी एवं स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग उठाई गई।

# अतिक्रमण होने से आमजन परेशान

## एसडीएम साहू ने अतिक्रमणकर्ताओं पर कार्यवाही करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

खाचरौद-बड़नगर रोड नगर का एक सबसे अधिक आवाजाही वाला रोड है। यहां पर प्रतिदिन अल सुबह से लेकर देर रात्रि तक बड़े वाहनों की बड़ी संख्या में आवाजाही लगी रहती है। लेकिन इस रोड के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा इतना अतिक्रमण कर रखा है, जिसके चलते यह रोड आधा ही रह गया है। जबकि इस रोड पर एक निजी बस सर्विस की बस का ब्रेक फेल होने से एक बड़ा हादसा होते-होते बचा था। इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा इस मार्ग पर कोई उचित कार्यवाही नहीं करने से दुकानदारों के हौसले इतने मजबूत हो गए हैं, और प्रशासन का उन्हें कोई भी डर भी नहीं है।

यहां बता दे खाचरौद क्षेत्र में उज्जैन दरवाजा से लेकर बड़नगर बाईपास चौराहे तक बड़ी मात्रा में



रोड के दोनों तरफ बड़े-बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान है। इन प्रतिष्ठानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहकों की आवाजाही लगी रहती है। इसके बावजूद दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान से भी अधिक जगह रोड तक घेर रखी है, जिसके चलते इस मार्ग पर बड़े वाहनों को निकालने में बाधा तो उत्पन्न हो रही है, ऐसे में बड़ी दुर्घटना का अंदेशा भी बना हुआ है।

दुकान के बाद आगे और अतिक्रमण - यहां बता दें उज्जैन दरवाजा से लेकर बड़नगर बाईपास चौराहे तक दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे इतना अतिक्रमण करने से उनकी दुकान पर चढ़ने वाले ग्राहक अपने वाहन रोड के मध्य ही लगा देते हैं। जिसके चलते बड़े वाहनों को निकलने में रोजाना परेशानी झेलना पड़ रही है। ऐसे में दुकानदार द्वारा ग्राहकों के बैठने के लिए टेबल, कुर्सी तक रोड पर ही रख देने से इस रोड पर इतना अतिक्रमण हो चुका है कि जैसे पुर रोड को ही दुकानदारों द्वारा घेर लिया हो।

# मक्सी की बेटियों ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम

## रीना राजपूत को मिला नारी शक्ति सम्मान, मॉडल प्रियंका लोधी ने शानदार प्रस्तुति से जीता सभी का दिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के मक्सी नगर की दो प्रतिभाशाली बेटियों ने उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित ब्यूटी एवं फैशन शो में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर मक्सी, शाजापुर, मध्यप्रदेश और गुजरात का नाम गौरवान्वित किया।

प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट एवं ब्यूटी एजुकेटर रीना राजपूत, जिनका जन्म मक्सी नगर में हुआ और वर्तमान में जिनका ससुराल गुजरात के अरावली जिले के मेघराज में है, ने अपनी बेहतरीन लाइव स्टेज मेकअप परफॉर्मेंस से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। वहीं मक्सी नगर की प्रतिभाशाली प्रियंका लोधी ने कार्यक्रम में मुख्य मॉडल के रूप में आत्मविश्वासपूर्ण रैंप वॉक और प्रभावशाली प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। दोनों की जोड़ी ने मंच पर शानदार समन्वय का परिचय दिया और खूब सराहना बटोरी।

कार्यक्रम में देशभर से आए मेकअप आर्टिस्ट्स और ब्यूटी एक्सपर्ट्स के बीच रीना राजपूत के उत्कृष्ट योगदान, प्रोफेशनल कार्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयासों को देखते हुए उन्हें नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान टीवी धारावाहिक दीया और बाती हम की प्रसिद्ध



अभिनेत्री दीपिका सिंह के हाथों प्रदान किया गया।

रीना राजपूत ने अपने संघर्ष की शुरूआत एक छोटे से ब्यूटी स्टूडियो से की थी। कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और कौशल के दम पर ब्यूटी इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई। आज वे एक सफल मेकअप आर्टिस्ट, ब्यूटी एजुकेटर और महिला उद्यमी के रूप में अनेक छात्राओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि रीना राजपूत और प्रियंका लोधी ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों की प्रतिभाएँ भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी मेहनत और हुनर के दम पर नई ऊँचाइयाँ हासिल कर सकती हैं। दोनों ने अपने माता-पिता, परिवार और पूरे मक्सी नगर का नाम रोशन किया है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद रीना राजपूत ने कहा, यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे माता-पिता, परिवार, गुरुजनों, विद्यार्थियों और उन सभी लोगों का है जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। महाकाल की कृपा और सभी के आशीर्वाद से मुझे यह उपलब्धि मिली है। मैं आगे भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और अपने जन्मस्थान मक्सी, शाजापुर तथा अपने कर्मस्थल गुजरात का नाम देशभर में रोशन करने का प्रयास करती रहूँगी।

### नगर में हर्ष का माहौल

रीना राजपूत और प्रियंका लोधी की इस उपलब्धि पर मक्सी नगर एवं शाजापुर जिले में हर्ष का माहौल है। नगरवासियों ने दोनों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि वे आगे भी अपनी प्रतिभा से प्रदेश और देश का नाम रोशन करती रहेंगी।

### टोंकखुर्द से दो माह से स्ट्रीट लाइट बंद

**टोंकखुर्द।** नगर परिषद टोंकखुर्द में विगत दो माह से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पार्षदों द्वारा लगातार अवगत करवाने के बाद भी नगर में लाइट बल्व नहीं आए हैं। नगर परिषद के वार्ड नंबर 11 के पार्षद नल जल विद्युत एवं स्वच्छता प्रभारी सुनील मालवीय ने बताया कि वार्ड नंबर 1, वार्ड नंबर 11 वार्ड नंबर 12 में आज तक भी बल्व नहीं लगवाए गए हैं एवं सफाई व्यवस्था भी चरमाई हुई है बारिश के मौसम में मच्छरों का प्रकोप है। मुख्य नगर कार्यपालिका अधिकारी कुंभ करणीय नींद में सोए हुए हैं नगर के पार्षदों द्वारा इस संबंध में चर्चा की जाती है तो कोई किसी प्रकार से निराकरण नहीं किया जाता है।

### पूर्व मंत्री पारस जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की

**महिदपुर।** मप्र शासन के पूर्व मंत्री महिदपुर के गोवा मुक्ति आंदोलन के सेनानी स्वर्गीय माणकलाल मूणत के दामाद पारस जैन के निधन पर महिदपुर के पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह आर्य, भाजपा मंडल के दिनेश ग्रोवर, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ भगवती जोशी, कांग्रेस नेता एवं पत्रकार शांतिलाल छजलानी, भाजपा नेता कैलाश गट्टाणी, सांसद प्रतिनिधि निर्भय सिंह भाटी, नपा एल्डरमैन कमल राठी, गोगापुर पूर्व सरपंच अशोक कारा, मावा व्यवसाई ओम राठी, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत परमार, शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थ के ट्रस्टी गण आदि ने उज्जैन पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक दिनेश जैन बॉस ने भी पारस जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जताई नाराजगी

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा विकासखंड राजगढ़ अंतर्गत ग्राम पाडली खाती एवं बाग सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। ग्राम पंचायत पाडली खाती का निरीक्षण किया गया, इसके उपरांत शासकीय हाई स्कूल बग्गा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनीता वर्मा अनुपस्थित पाई गई।

### मातृशक्ति के लिए नहीं सुरक्षित स्तनपान की जगह

**सारंगपुर।** सरकार पहले छह माह तक केवल स्तनपान और दो वर्ष तक मां का दूध पिलाने का संदेश दे रही है, लेकिन सारंगपुर में मातृशक्ति के लिए सम्मानजनक स्तनपान की बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। बस स्टैंड, मुख्य बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को खुले में शिशु को दूध पिलाने की मजबूरी झेलनी पडती है। शर्म और असहजता के कारण कई माताएं समय पर स्तनपान नहीं करा पातीं, जिससे नवजातों के पोषण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### प्रारंभिक जांच के बाद ही होगी कानूनी कार्रवाई

**सारंगपुर।** पटवारियों को राज्य सरकार के राजस्व विभाग से बडी राहत मिली है। शासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि भविष्य में किसी भी पटवारी के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी। यदि किसी मामले में एफआईआर की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो पहले प्रारंभिक जांच कराई जाएगी और दोष सिद्ध होने पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मध्य प्रदेश पटवारी संघ सारंगपुर ने 15 जुलाई को शासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि वसीयत एवं अन्य राजस्व न्यायालयों के मामलों में पटवारी केवल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है, जबकि अंतिम निर्णय न्यायालय का होता है। इसके बावजूद कई मामलों में बिना पर्याप्त जांच के पटवारियों के खिलाफ सीधे पुलिस प्रकरण दर्ज कर दिए जाते थे। इस पर संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कराने से पहले प्रारंभिक परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। आदेश की प्रति सभी संभागायुक्तों को भी भेजी गई है।



### मन लगाकर पढ़ो, गांव का नाम रोशन करो कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को किया प्रेरित

**तनोड़िया।** कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने तनोडिया का दौरा किया, नई आबादी मे स्थित प्राथमिक विद्यालय व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया। शासकीय प्राथमिक विद्यालय में कलेक्टर ने कक्षा चौथी में पहुंचे और छात्र आमीन से 8 का पहाड़ा तथा छात्रा काजल से 15 का पहाड़ा पूछा। दोनों विद्यार्थियों ने फरार्टे से पहाड़े सुनाकर सभी को प्रभावित किया। इसी के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कलेक्टर ने कक्षा 11वीं कला, 12वीं कला एवं 11वीं विज्ञान संकाय का निरीक्षण किया। कक्षा 11वीं विज्ञान की छात्राओं से केमिस्ट्री विषय एवं न्यूट्रॉन-प्रोटॉन संबंधी प्रश्न पूछे, जिनके छात्राओं ने संतोषजनक उत्तर दिए। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को संवाद करते हुए कहा कि लगन और मेहनत से पढ़ाई करें। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, परिवार एवं गांव का नाम गौरवान्वित करें।

### नवोदय स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने जाना विद्यालय की गौरवशाली यात्रा




**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, आगर मालवा में नवोदय विद्यालय समिति का 40वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विविध प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नवोदय विद्यालय समिति की गौरवशाली यात्रा को स्मरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवोदय के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रेरक उद्बोधन के साथ हुआ। विद्यार्थियों को बताया गया कि नवोदय विद्यालय समिति की स्थापना 5 अगस्त 1986 को भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क एवं आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। पिछले चार दशकों में नवोदय विद्यालयों ने शिक्षा, खेल, संस्कृति और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय के प्राचार्य अब्दुल अजीज ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवोदय केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवोदय के आदर्शों, अनुशासन, ईमानदारी और उत्कृष्टता को अपने जीवन में अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

### एक शाम स्वर्गीय किशोर रफी के नाम मानस म्युजिकल ग्रुप के संयोजन में संपन्न




**महिदपुर।** शहर के ख्यात गायक गायिकाओं ने अपने सुमधुर गीतों से मशहूर गायक मोहम्मद रफी और किशोर कुमार को स्वरांजलि दी। नगर पालिका सभागार में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम मानस म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार संगीत मर्मज्ञ जवाहर डोसी के मुख्य आतिथ्य एवं कवि साहित्यकार जैनेंद्र खेमसरा के कुशल संचालन से कार्यक्रम ऊर्जा पूर्ण चलता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के संयोजक गायकद्वय अवनीश पण्ड्या एवं निलेश दावरे ने अतिथियों के कर कमलों से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात अपने सुरीले गीतों से निलेश दावरे, अवनीश पण्ड्या, विशेष ठाकुर, मंजूर अहमद, कमल राठी, गायिका अंजली आशीष शर्मा, बादल ठाकुर, शैलेंद्र देवलाया, धर्मेंद्रसिंह, सचिन, मुरली गहलोत ने अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रत्येक प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट कर उपस्थित संगीत प्रेमी श्रोताओं ने अपना आशीर्वाद दिया। उल्लेखनीय है कि संस्था विगत 4 वर्षों से यह आयोजन करती आ रही है। सभी गायको का सम्मान नगर की समर्पित सामाजिक संस्था के पंडित प्रदीप समाधिया एवं पदाधिकारी ने पुष्पमाला एवं दुपट्टे ओढ़ाकर किया। गायक अवनीश पंड्या को अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### आंगनवाड़ी केंद्र में किया पौधारोपण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को दी नई ऊर्जा

**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 13 पर महिला एवं बालविकास अधिकारी रेणु पंत के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशा विष्णु भावसार के मुख्य आतिथ्य में एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शबाना बेग की अध्यक्षता में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत वृक्षारोपण किया गया। मध्यप्रदेश शासन एवं महिला एवं बालविकास विभाग के आदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में प्रत्येक बेटी के नाम पर एक-एक पौधा लगाया गया। मुख्य अतिथि आशा विष्णु भावसार ने इस अवसर ओर कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर नवजात बच्चियों व बालिकाओं के सम्मान में पौधारोपण किया जा रहा है। ये बहुत अच्छा कार्य विभाग द्वारा सभी केंद्रों पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बेटियों के प्रति समाज की सोच बदलना, पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और उनके उज्ज्वल भविष्य का संदेश देना है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल सोशल मीडिया प्रभारी सिया राठौर के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बेटियों के महत्व को भी रेखांकित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फरजाना खान ने कहा कि महिला एवं बालविकास विभाग के आव्हान पर सुसनेर क्षेत्र की विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में महिला एवं बालविकास अधिकारी रेणु पंत के निर्देशन में हुए इस आयोजन में सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं साहिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई है। उन्होंने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

## सावन स्पेशल...

# नागपंचमी और महाशिवरात्रि पर खुलने वाले दुर्लभ मंदिर...

**उज्जैन के नागचंद्रेश्वर और रायसेन के सोमेश्वर महादेव मंदिर अपनी अनूठी धार्मिक परंपराओं के लिए विख्यात हैं जो साल में केवल एक बार भक्तों के लिए खुलते हैं। नागपंचमी और महाशिवरात्रि पर होने वाले इन विशेष दर्शनों का आध्यात्मिक महत्व अत्यधिक है क्योंकि यहाँ की प्रतिमाएं और प्रवेश द्वार शेष वर्ष बंद रहते हैं। सावन के महीने में इन दुर्लभ तीर्थस्थलों की यात्रा और दर्शन से जुड़ी विस्तृत जानकारी श्रद्धालुओं हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है।**



श्रावण मास भगवान शिव को अति प्रिय है। कइस महीने का इंतजार शिवभक्त लंबे समय से करते हैं। देशभर के शिवालयों में भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलती है। कुछ भक्तजन जलाभिषेक करने जाते हैं, तो कई लोग अपनी मनोकामना को लेकर भगवान भोलेनाथ के दरबार में पहुंच सकती हैं। क्या आप भी सावन में भगवान शिव के अनोखे मंदिरों के दर्शन करना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है।

## भगवान शिव के अनोखे मंदिर

भारत में भगवान शिव के हजारों मंदिर हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी मंदिर हैं जो अपनी अनोखी परंपराओं के लिए अलग पहचान रखते हैं। इन्हीं में से दो मंदिर ऐसे हैं जिनके कपाट पूरे साल बंद रहते हैं। सिर्फ साल में एक बार इनके कपाट खोले जाते हैं। बता दें कि, एक मंदिर के कपाट सावन में खुलते हैं। दूसरे के कपाट भगवान शिव के ही खास त्योहार पर खोले जाते हैं। आइए आपको इन दोनों मंदिर के बारे में बताते हैं।

## उज्जैन का नागचंद्रेश्वर मंदिर

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिला में स्थित महाकालेश्वर मंदिर परिसर में तीसरी मंजिल पर भगवान नागचंद्रेश्वर का भी मंदिर है। इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि इसके कपाट सिर्फ साल में एक बार नाग पंचमी के दिन 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। जबकि पूरा साल यह मंदिर बंद रहता है।

### क्यों है यह मंदिर इतना खास?

इस मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की दुर्लभ प्रतिमा है। यहां भगवान शिव नाग की शय्या पर हैं। ऐसी प्रतिमा बहुत कम जगह देखने को मिलती है। माना जाता है कि नाग पंचमी के दिन यहां दर्शन करने और पूजा करने से भगवान शिव और नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यहां आने वाले श्रद्धालु मानते हैं सच्चे मन से प्रार्थना करने पर उनकी मनोकामनाएं जरुर पूर्ण होती हैं। वैसे इस मंदिर के दर्शन के कालसर्प दोष दूर हो जाता है।

## कैसे पहुंचें उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर?

यहां जाने के लिए आपको उज्जैन पहुंचना होगा। सबसे पहले आप उज्जैन जंक्शन मेन रेलवे स्टेशन पहुंच जाए। वहां से मंदिर मात्र 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर है, जहां से ऑटो या ई-रिक्शा आसानी से मिल जाएगा। फ्लाइट से आने के लिए आपको इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट पर उतरना होगा, जो कि उज्जैन से करीब 53 किलोमीटर दूर है। यहां से आप बस या ट्रैक्सी लेकर पहुंच सकते हैं। इसके अलावा आप बस या प्राइवेट कार से भी उज्जैन पहुंच सकते हैं। उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर इस तरह पहुंच सकते हैं- नागचंद्रेश्वर मंदरि के लिए आपको महाकाल मंदिर के लिए ऑटो या टैक्सी ले सकते हैं।

## रायसेन का सोमेश्वर महादेव मंदिर

एमपी के रायसेन जिले की पहाड़ियों पर स्थित है सोमेश्वर महादेव मंदिर, जो अपनी अनोखी परंपरा के लिए जाना जाता है। यह मंदिर ऊंचाई पर बना हुआ और यहां पर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को चढ़ाई करनी पड़ती है।

### कब खुलते हैं मंदिर के कपाट?

यहां के लोकल के अनुसार, इस मंदिर के कपाट महाशिवरात्रि के दिन कुछ घंटों के लिए खोले जाते हैं। इसी समय भक्तजन पूजा



और दर्शन के लिए आते हैं। वरना पूरे साल यह मंदिर बंद रहता है।

जब यह मंदिर बंद रहता है, तो तभी श्रद्धालु यहां आना नहीं छोड़ते है। लोग मंदिर के बाहर से ही भगवान शिव को प्रणाम करते हैं और अपनी श्रद्धा को दशार्ते हैं। यहां पर आने वाले कई श्रद्धालुओं अपनी मनोकामना मांगते समय मंदिर के प्रवेश द्वार पर कलावा बांधते हैं। कहा जाता है कि इच्छा पूरी होने पर भक्त यहां पर दोबारा आकर कलावा खोलते हैं। वैसे यह यह स्थानीय परंपरा है।

### कैसे पहुंचें रायसेन के सोमेश्वर महादेव मंदिर?

यह मंदिर मध्य प्रदेश के रायसेन में स्थित है। इसलिए आपको रायसेन पहुंचना होगा। एमपी की राजधानी भोपाल से रायसेन करीब 45 किलोमीटर दूर है। रेलवे स्टेशन भोपाल जंक्शन से आप रायसेन के लिए टैक्सी ले सकती हैं। जब आप रायसेन पहुंचेगी तो आपको किले के निचले हिस्से (तलहटी) तक जाना होगा। उधर से मंदिर तक जाने के लिए पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है।

## झटपट बालीवुड

- **प्रदीप रावत को अंतिम विदाई-** 'गजनी' सहित कई फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता प्रदीप रावत का मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। आमिर खान समेत फिल्म जगत की कई हस्तियां उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचीं।
- **शाहरुख की 'किंग' का नया लुक वायरल-** फिल्म 'किंग' के सेट से शाहरुख खान का खून से लथपथ एक्शन लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फैंस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं।
- **तब्बू ने हाईकोर्ट का रुख किया-** अभिनेत्री तब्बू ने अपनी पहचान और एआई से तैयार अनधिकृत सामग्री के दुरुपयोग को रोकने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।
- **सनी-प्रिटी की जोड़ी फिर चर्चा में-** सनी देओल और प्रीति जिंटा फिल्म बटवारा 1947 के प्रमोशन में साथ नजर आए। दोनों की केमिस्ट्री ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा।




### 17 अगस्त से नई दिल्ली में टूर्नामेंट

# वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप का ड्रॉ जारी, सिंधु का मैच सोफिया से, आयुष वर्ल्ड चैंपियन से भिड़ेंगे

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने बुधवार को नई दिल्ली में वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप का ड्रॉ जारी किया।



चैंपियनशिप 17 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली में होगी। पहले दौर में भारत के आयुष शेट्टी का मुकाबला वर्ल्ड चैंपियन और टॉप सीड चीन के शी यू क्वी से होगा। पीवी सिंधु पहले मैच में आयरलैंड की सोफिया नोबल से खेलेंगी। सात्विक-चिराग की जोड़ी को बाई मिला है। पुरुष और महिला एकल में 64-64 खिलाड़ियों का ड्रॉ है। तीनों युगल स्पधाओं में 48-48 जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु अपने अभियान की शुरूआत आयरलैंड की सोफिया नोबल के खिलाफ करेंगी। हालांकि, आगे का सफर उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

सिंधु को राउंड ऑफ 16 में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी और क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वदार्नी का सामना करना पड़ सकता है। सिंधु का ड्रॉ ओलंपिक चैंपियन एन से यंग वाले हाफ में है।

उन्नति हुड्डा अपने वर्ल्ड चैंपियनशिप डेब्यू में म्यांमार की थेट हतार थुजार से भिड़ेंगी। अगर उन्नति तीसरे राउंड से आगे बढ़ती हैं, तो क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जापान की अकाने यामागुची से हो सकता है।

### मेंस सिंगल्स में कई रोमांचक मुकाबले होंगे

मेंस सिंगल्स में 14वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले राउंड में ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स फिलिमोन से खेलेंगे। अगर लक्ष्य क्वार्टर फाइनल तक पहुंचते हैं, तो तीसरे राउंड में उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न से हो सकता है। क्वार्टर फाइनल में उनकी टक्कर फ्रांस के एलेक्स लानियर या क्रिस्टो पोपोव से हो सकती है। वहीं, आयुष शेट्टी को पहले राउंड में सबसे कठिन ड्रॉ मिला है।

# आर प्रज्ञानानंदा सेंट लुईस टूनार्मेंट के रैपिड में टॉप पर

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका में खेले जा रहे सेंट लुईस रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस टूर्नामेंट के रैपिड में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने 18 संभावित पॉइंट्स में से 12 पॉइंट्स जुटाकर 1 पॉइंट की बढ़त बनाई। अब खिताब का फैसला 18 ब्लिट्ज मैचों से होगा। इस प्रदर्शन से साल के अंत में होने वाले ग्रैंड चेस टूर फाइनल में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं।

रैपिड सेक्शन के नौवें और अंतिम राउंड में प्रज्ञानानंदा को नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरीस्ट से हार मिली। इसके बावजूद वह 12 पॉइंट्स के साथ टॉप पर बने रहे। रैपिड सेक्शन में उन्होंने 4 मैच जीते, 4 ड्रॉ खेले और सिर्फ एक मुकाबला गंवाया। सिंजारोव और वेस्ली सो संयुक्त दूसरे स्थान पर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंजारोव और अमेरिका के वेस्ली सो 11-11 पॉइंट्स के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। सिंजारोव इसी साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के डी गुकेश को चुनौती देंगे।

टूनार्मेंट का रैपिड सेक्शन खत्म हो चुका है। अब सभी खिलाड़ियों को 18 ब्लिट्ज मुकाबले खेलने हैं, जिनके बाद चैंपियन का फैसला होगा। 2 लाख डॉलर (करीब ?1.67 करोड़) की कुल इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के विजेता को 50 हजार डॉलर (करीब ?42 लाख) मिलेंगे। ब्लिट्ज में हर जीत पर 1 पॉइंट मिलेगा, इसलिए प्रज्ञानानंदा के लिए अपनी बढ़त बनाए रखना आसान नहीं होगा। 9-9 पॉइंट्स के साथ अमेरिका के लेवोन अरोनियन, लेनियर डोमिंग्वेज, नीदरलैंड्स के अनीश गिरी और जर्मनी के विंसेंट कीमर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

## अल्काराज कलाई की चोट के कारण से बाहर

**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कलाई की पुरानी चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से बाहर हो गए हैं। इसके साथ ही साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में उनके खेलने पर भी सस्पेंस बढ़ गया है।

## नैनो न्यूज

- **श्रीलंका दौरे पर भारत तैयार-** शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम आज श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए तैयारियां तेज कर रही है।
- **श्रीजेश ने खिलाड़ियों को चेताया-** पी.आर. श्रीजेश बोले, जर्सी विवाद छोड़ विश्व कप में पदक जीतने पर पूरा ध्यान दें।
- **रूट ने रचा नया इतिहास-** इंग्लैंड के जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में नया कीर्तिमान स्थापित किया।
- **मेसी की वापसी से जीत-** लियोनेल मेसी की शानदार वापसी के दम पर इंटर मियामी ने लीग कप में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।
- **भारत चौथे स्थान पर कायम-** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत 39 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है।
- **बॉक्सिंग में भारत का दबदबा-** भारतीय मुक्केबाजों ने सात स्वर्ण पदक जीतकर कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया।
- **नीरज चोपड़ा ने बढ़ाया उत्साह-** स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए पदक जीतने का संदेश दिया।

# वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट करियर पर अजिंक्य रहाणे का बयान, युवा खिलाड़ी पर दबाव न डालें

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट करियर को लेकर अपनी राय रखी है। रहाणे का मानना है कि वैभव के टेस्ट करियर को लेकर अभी कोई भी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट और क्Qछ में काफी अंतर है।

रहाणे ने 'स्टिक टू क्रिकेट' पॉडकास्ट पर डेविड लॉयड, फिल टफनेल, एलिस्टेयर कुक और माइकल वॉन के साथ बातचीत में यह बात कही। वैभव को अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए और मौके दिए जाने चाहिए। रहाणे ने 30 जुलाई को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल




चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी थी।

### रहाणे बोले- वैभव पर काफी बातें हो रही

रहाणे ने कहा कि वह वैभव पर दबाव नहीं डालना चाहते क्योंकि लोग पहले ही उनके बारे में काफी चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा- क्Qछ में 4-5 ओवर में 70 रन बनाना आसान हो सकता है, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट में वही लक्ष्य हासिल करना पूरी तरह अलग चुनौती है।

वैभव सूर्यवंशी के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली सीरीज अच्छी नहीं रही थी। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में डेब्यू करने वाले वैभव तीन मैचों में सिर्फ 42 रन ही बना सके थे। हालांकि जिम्बाब्वे दौरे पर उन्होंने वापसी की।


**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें
रवि गुप्ता
9926466157

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### साध्वी ऋतंभरा ने भोजशाला में किए मां वाग्देवी के दर्शन

**धार।** धार की ऐतिहासिक भोजशाला में गुरुवार को साध्वी ऋतंभरा पहुंचीं। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां वाग्देवी के दर्शन-पूजन किए। उनके आगमन पर केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समर्थक भोजशाला परिसर पहुंचे। पूरे परिसर में जय श्रीराम और मां वाग्देवी के जयघोष गूंजते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच साध्वी ऋतंभरा ने पूजा-अर्चना कर देश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। उनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोजशाला में दर्शन-पूजन के बाद साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि जैसे प्रहलाद को आग में जलाया गया था, लेकिन वे जल नहीं पाए, उसी प्रकार भोजशाला का सत्य भी अग्नि परीक्षा से गुजरकर और अधिक मजबूत होकर सामने आया है।

### सट्टा लिखते रंगे हाथ दबोचा पांच हजार नकद जब्त

**धार।** धार के नौगांव थाना पुलिस ने अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने गुरुवार को ग्राम जेतपुरा की इंदिरा कॉलोनी से एक सट्टा कारोबारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5,140 रुपए नकद और सट्टा संचालन में उपयोग किए जा रहे उपकरण जब्त किए गए हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम जेतपुरा की इंदिरा कॉलोनी में साजिद पिता शहजाद खान अवैध रूप से सट्टा कारोबार चला रहा है। सूचना मिलते ही नौगांव थाना पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी साजिद खान को मौके पर ही सट्टा लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

### भेरू घाट पर पलटा प्लास्टिक दानों से भरा ट्रेलर

**झाबुआ।** थांदला-पेटलावद मार्ग पर स्थित भेरू घाट में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। गुजरात से हरिद्वार जा रहा प्लास्टिक के दानों से भरा एक ट्रेलर घाट के मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर चालक केबिन के अंदर बुरी तरह फंस गया था। सूचना मिलते ही रायपुरिया थाने के आरक्षक महिपाल निनामा और पायलट दीपक मचार तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन का कांच तोड़ा और फंसे हुए ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल चालक को तत्काल पेटलावद के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### भोजशाला की वाग्देवी प्रतिमा को भारत लाने की तैयारी



**ब्रिटिश म्यूजियम में वेरिफिकेशन पूरा वापसी को लेकर कानूनी प्रक्रिया तेज**

**धार।** धार भोजशाला की मूल वाग्देवी प्रतिमा को भारत वापस लाने की प्रक्रिया अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में सुरक्षित प्रतिमा का लीगल वेरिफिकेशन पूरा हो गया है। संबंधित एजेंसियों ने पुष्टि की है कि यह प्रतिमा भोजशाला की मूल वाग्देवी प्रतिमा है। अब इसे भारत लाने के लिए केंद्र सरकार, भारतीय राजनयिक मिशनों और ब्रिटिश म्यूजियम के बीच राजनयिक और कानूनी स्तर पर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मंगलवार को भोपाल में ब्रिक्स सांस्कृतिक कार्य समूह की बैठक से पहले केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला की पहल के बाद प्रतिमा की वापसी की प्रक्रिया आगे बढ़ी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक धरोहरों की वापसी को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से पहले विदेशों से केवल 13 भारतीय धरोहरें वापस लाई गई थीं। वहीं पिछले 12 वर्षों में 650 से अधिक ऐतिहासिक कलाकृतियां और सांस्कृतिक धरोहरें भारत लौट चुकी हैं। बुधवार को भोज उत्सव समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भोजशाला परिसर के बाहर आतिशबाजी कर खुशी जताई और एक-दूसरे को बधाई दी। समिति के महामंत्री सुमित चौधरी ने कहा कि जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में रखी प्रतिमा ही धार भोजशाला की मूल वाग्देवी प्रतिमा है, जिसे वर्षों पहले यहां से ले जाया गया था। समिति ने विश्वास जताया कि आवश्यक कानूनी और राजनयिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मां वाग्देवी की प्रतिमा भारत लौटेगी और भोजशाला में दोबारा स्थापित की जाएगी।

## नैनो न्यूज

- गोल्ड स्मगलिंग मामले के बाद इंदौर के सराफा बाजार में जांच एजेंसियों ने निगरानी बढ़ा दी है। सोने के बड़े लेन-देन और खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।
- अगस्त में अपेक्षित बारिश नहीं होने से शहर में मानसूनी खरीदारी सुस्त रही। मौसम विभाग के अनुसार इंदौर में वर्षा का घाटा लगभग 100 मिमी तक पहुंच गया है, जिसका असर कृषि और रिटेल बाजार पर भी दिखाई दे रहा है।
- इंदौर के साथ-साथ मध्य प्रदेश में डीआरआई ने कटनी रेलवे स्टेशन पर भी विदेशी सोना जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एजेंसियां इसे प्रदेश में सक्रिय बड़े तस्करी नेटवर्क से जोड़कर जांच कर रही हैं।
- आईआईएम इंदौर की इन्क्यूबेशन फाउंडेशन ने एससी/एसटी उद्यमियों के लिए नया बिजनेस एक्सेलरेटर प्रोग्राम शुरू किया है। इससे स्थानीय स्टार्टअप और छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इंदौर नगर निगम परिषद के 4 साल पूरे होने पर महापौर के रिपोर्ट कार्ड पर कांग्रेस का पलटवार

# शहर कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे ने भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के आरोप लगाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम परिषद के 4 साल पूरे होने पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के बाद कांग्रेस ने पलटवार किया है। गुरुवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने मीडिया से बातचीत में महापौर और नगर निगम प्रशासन पर भ्रष्टाचार, लापरवाही और जनहित की अनदेखी सहित गंभीर आरोप लगाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने तो महापौर से डिबेट तक का चैलेंज दे दिया।

चौकसे ने कहा कि चार साल में महापौर इंदौर को विकास नहीं, बल्कि अव्यवस्था की ओर ले गए हैं। नगर निगम में हुए किसी भी बड़े घोटाले के दोषियों को सजा नहीं मिली, बल्कि कई मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने का काम किया गया।

उन्होंने बेलेश्वर बावड़ी हादसा में हुई 36 लोगों की मौत को लेकर आरोप लगाते हुए कहा कि इस घटना में जो गंभीरता महापौर को दिखाना चाहिए थी, वह नहीं दिखाई। इसमें नगर निगम के जिन इंजीनियरों को निलंबित किया गया था, उन्हें बहाल करते हुए अच्छी पोस्टिंग पर एक बार फिर बैठा दिया।



कांग्रेस ने आरोप लगाया कि निगम अधिकारियों का अधिकांश समय सिटी बस कंपनी और स्मार्ट सिटी कार्यालयों में गुजरता है। निगम मुख्यालय में आम नागरिकों और पार्षदों की समस्याएं सुनने के लिए अधिकारी उपलब्ध नहीं रहते। चौकसे ने कहा कि जनहित की पुरानी परंपराओं को नवाचार के नाम पर खत्म कर दिया गया। चौकसे ने दावा किया कि यह कार्यकाल घोटालों के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज लाइन घोटाले में जांच के बाद कथित तौर पर मामले को सीमित करने की कोशिश हुई। वहीं नामांतरण घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जांच पूरी नहीं हुई।

### लोगों को मिलना चाहिए था मुआवजा

राज्य सरकार उज्जैन में सड़क को चौड़ा करने के लिए जो भी तोड़फोड़ कर रही है, उसमें गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा देने का प्रावधान किया है। इसी तरह का प्रावधान इंदौर के लिए भी किया जाना चाहिए। छावनी और जिंसी की सड़क को चौड़ा करने के लिए जो लोगों के 50 से 100 साल पुराने मकान तोड़े गए, उन्हें भी मुआवजा मिलना चाहिए था।

### सराफा से ट्रैफिक तक कई मुद्दों पर घेरा

चौकसे ने कहा- सराफा चौपाटी की व्यवस्था, सड़कों के पेंचवर्क, जलभराव, गर्मी में पेयजल संकट, दूषित पानी की समस्या, ट्रैफिक व्यवस्था और नगर निगम की कार्यप्रणाली को लेकर भी महापौर और प्रशासन पर निशाना साधा। कांग्रेस का आरोप है कि चार साल में शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के बजाय नगर निगम भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का केंद्र बन गया है।

### भागीरथपुरा में 36 मौतें, अब तक नहीं बता सके वजह


- भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 36 लोगों की मौत का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने कहा कि नगर निगम आज तक यह स्पष्ट नहीं कर सका कि पानी में ऐसा क्या मिला था? जिससे लोगों की जान चली गई। चौकसे ने आरोप लगाया कि इस मामले में भी किसी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी तय नहीं की गई।
- चौकसे ने कहा- महापौर इंदौर के हित के लिए राज्य सरकार के सामने आवाज भी नहीं उठा सके। इस समय इंदौर नगर निगम के चुंगी, क्षतिपूर्ति, स्टैंप ड्यूटी और प्रवेश कर के 600 करोड़ रुपए से ज्यादा राज्य सरकार के पर बाकी है।

बस-मेट्रो-रेल कनेक्टिविटी से 50 हजार यात्रियों को फायदा मिलेगा, नई कंपनी को सौंपा जिम्मा

# इंदौर का आईएसबीटी बनेगा आधुनिक ट्रांसपोर्ट हब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कुमेड़ी स्थित इंटर-स्टेट बस टर्मिनल का संचालन और रखरखाव और मजबूत होगा। यह टर्मिनल बस, मेट्रो और रेलवे की एकीकृत कनेक्टिविटी के साथ प्रतिदिन 50 से 55 हजार यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। करीब 5.85 हेक्टेयर (14.46 एकड़) में फैले इस आईएसबीटी में प्रतिदिन 1,500 से अधिक बसों के संचालन की क्षमता होगी। यह टर्मिनल मध्य प्रदेश को गुजरात, राजस्थान, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से जोड़ने वाला प्रमुख परिवहन



केंद्र बनेगा। इसके संचालन की जिम्मेदारी अब बीवीजी इंडिया लिमिटेड को सौंपी गई है। लीज के तहत कंपनी इस अत्याधुनिक मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का संचालन करेगी। आईएसबीटी कुमेड़ी को एयरपोर्ट स्तर के मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया गया है। यहां समर्पित फुटओवर ब्रिज (एफओबी) के माध्यम से मेट्रो स्टेशन का सीधा संपर्क रहेगा, जिससे यात्रियों को बस और मेट्रो के बीच आसानी से आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### स्मार्ट तकनीक से होगा संचालन

टर्मिनल में डिजिटल एसेट मैनेजमेंट, ऑटोमेटेड पार्किंग, डिजिटल भुगतान, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली, शिकायत निवारण व्यवस्था और रियल-टाइम ऑपरेशनल डैशबोर्ड जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। वहीं मशीनीकृत सफाई और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस के जरिए बिजली, जलापूर्ति, लिफ्ट, एयर कंडीशनिंग और सीवेज ट्रीटमेंट जैसी सेवाओं को निर्बाध बनाए रखा जाएगा। प्रोजेक्ट में सौर ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा दक्ष उपकरण, सीवेज जल का पुनर्चक्रण, वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, जैविक अपशिष्ट प्रसंस्करण, जल संरक्षण और हरित लैंडस्केपिंग जैसी पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे टर्मिनल को एक टिकाऊ और हरित परिवहन केंद्र बनाया जा सके।

# भूमि संसाधन प्रबंधन के क्लर्क निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जनसुनवाई में मिली शिकायत पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भूमि संसाधन प्रबंधन शाखा में पदस्थ क्लर्क (चेनमैन) कैलाश पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं।

4 अगस्त की जनसुनवाई में मिली शिकायत में आरोप लगाया गया कि कैलाश पालीवाल ने शिकायतकर्ता से प्लॉट दिलाने के नाम पर लगभग 20 लाख रुपए का सौदा किया तथा विभिन्न तारिखों में 17 लाख रुपए प्राप्त करने के बावजूद प्लॉट उपलब्ध नहीं कराया। शिकायतकर्ता द्वारा इस संबंध में वीडियो रिकॉर्डिंग सहित शिकायत की थी।

मामले को गंभीर मानते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत कैलाश पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए है। जांच के लिए जिला स्तरीय जांच अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और तहसीलदार, भू-संसाधन प्रबंधन इंदौर को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी बनाया गया है।

# युवती ने दोस्त पर कराई छेड़छाड़ की एफआईआर

पीड़िता बोली-पीछा करता है, शादी का दबाव बना रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने ही दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने, जान से मारने की धमकी देने और मोबाइल छीनकर ले जाने का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता और आरोपी पिछले चार वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, निजी लैब में काम करने वाली युवती ने शिकायत में बताया कि उसकी केतन चितले से करीब चार साल से दोस्ती थी। कुछ समय पहले उसे पता चला कि केतन ऑनलाइन सट्टा खेलने का आदी है और नशा भी करता है। इस कारण उस पर काफी कर्ज हो गया था। पीड़िता ने आर्थिक मदद भी की, लेकिन उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया।


युवती के अनुसार, जब उसने केतन से बातचीत बंद कर दी तो वह नौकरी पर आने-जाने के दौरान उसका पीछा करने लगा। आरोप है कि उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया और कहा कि वह उसे छोड़कर किसी और से शादी नहीं कर सकेगी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

# सिटी बस ने बाइक को मारी टक्कर, पिता की मौत, बेटा घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

फूटी कोठी रोड स्थित गुमास्ता नगर चौराहे पर गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका 18 वर्षीय बेटा मामूली रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

द्वारकापुरी थाना पुलिस के मुताबिक रुपेंद्र लाभंते (42) निवासी प्रजापत नगर, गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे अपने 18 वर्षीय



बेटे कपिश के साथ मोटरसाइकिल से रीगल स्थित कार्यालय जा रहे थे। कपिश बाइक पर पीछे बैठा था। गुमास्ता नगर चौराहे के पास पीछे से आ रही एक सिटी बस के चालक ने सवारी बैठाने के लिए अचानक बस को बाईं ओर मोड़ दिया। इससे मोटरसाइकिल बस की चपेट में आ गई और पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रुपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कपिश को मामूली चोटें आईं। घायल रुपेंद्र को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### वकील के कार्यालय में करते थे काम

मृतक के बेटे कपिश ने बताया कि उसके पिता एक वकील के कार्यालय में कार्यरत थे। वह स्वयं एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। परिवार में एक बहन भी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
खुड़ैल क्षेत्र में करीब 16 महीने पहले सड़क हादसे में घायल हुए एक किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गोपाल (56) पुत्र दामोदर राव, निवासी पिडवाय, करीब 16 महीने पहले मंडी से घर लौटते समय एक मोपेड सवार की टक्कर लगने से बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद वह चार महीने तक कोमा में रहे। इसके बाद करीब एक वर्ष से घर पर उनका इलाज चल रहा था। बुधवार रात तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# एयरपोर्ट में नौकरी का झांसा देकर पूर्व कोचिंग टीचर ने वसूले लाखों रुपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तुकोगंज पुलिस ने एयरपोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले पूर्व कोचिंग ट्रेनर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपी ने अपनी कोचिंग के तीन पूर्व छात्रों को नौकरी का झांसा देकर करीब 3.68 लाख रुपए ले लिए और उन्हें फर्जी जॉइनिंग लेटर दे दिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वैभव मेहता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित अमित कुमार प्रजापति, रितेश वर्मा और मनस्वी गेहलोत ने वर्ष 2024 और 2025 में अक्शा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट से कोर्स किया था। अमित ने डिप्लोमा इन एविएशन, जबकि रितेश और मनस्वी ने क्रू मेंबर का कोर्स किया था। आरोपी वैभव मेहता निवासी विनोबा नगर इस इंस्टीट्यूट में ट्रेनिंग देता था। बाद में उसने कोचिंग छोड़ दी थी। कोचिंग छोड़ने के बाद आरोपी ने तीनों पूर्व छात्रों से संपर्क किया। उसने एयरपोर्ट और एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का भरोसा देकर एमजी रोड स्थित एक कैफे में मिलने बुलाया। आरोपी ने अमित को एयरपोर्ट अथॉरिटी में लाउंज सुपरवाइजर पद पर नौकरी दिलाने के लिए 2 लाख रुपए मांगे। रितेश से भी एयरपोर्ट की नौकरी के नाम पर 2 लाख रुपए और मनस्वी से इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के लिए 2.75 लाख रुपए की मांग की। झांसे में आकर अमित और रितेश ने 1.14-1.14 लाख रुपए, जबकि मनस्वी ने 1.40 लाख रुपए आरोपी को दे दिए।

# कर्म से डरो, कर्म किसी के भी मीत नहीं होते



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

श्रमण संस्कृति के महाश्रमण मुनिपुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ने गुरुवार को देशना मंडप में प्रवचन देते हुए कहा कि दुनिया में सबसे बलवान कोई है तो कर्म है जो ना तो किसी का मीत होता है और ना ही किसी पर दया करता है। पूर्व जन्म के कर्मों के कारण ही आदिनाथ को 7 माह 7 दिन तक आहार की विधि नहीं मिली थी।

भले ही तुम गुरु से भगवान से मत डरना लेकिन कर्मों से, जरूर डरना कर्म किसी को नहीं छोड़ते भारतीय नारी को धन दौलत से ज्यादा संतान (बेटा) प्रिय होता है क्योंकि उससे ही वंश चलेगा वह शादी पत्नी बनने के लिए नहीं मां बनने के लिए करती है शादी भोग विलास का संबंध नहीं है।

जिस प्रकार वंश चलाने के लिए और और धन संपदा सुरक्षित रखने के लिए वारिस की आवश्यकता होती है उसी प्रकार धर्म चलाने के लिए भी वारिस आवश्यक है।

राजेश जैन दद्दू ने बताया कि मुनिश्री ने आगे कहा कि अपनी संतान को ऐसे संस्कार देकर जाना कि तुम्हारे बाद भी तुम्हारे परिवार के सदस्यों में धर्म संस्कार जीवित रहें। सभी लोग यदि यह नियम ले लें कि घर के सभी सदस्य देव दर्शन के बाद ही भोजन करेंगे तो धर्म जीवित रहेगा और तुम्हारे जाने के बाद भी परिवार भी वही करेगा जो तुमने किया है। धर्म सभा का संचालन अनुराग जैन ने किया। धर्म सभा में आकाश कोल, प्रिंसिपल टोंग्या सपना मनीष गोधा आनंद नवीन गोधा भूपेंद्र जैन, अखिलेश सोधिया, श्रीमती मुक्ता जैन सोनाली बगड़िया आदि उपस्थित थे।



















स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com